
हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 24 अगस्त 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा |



108 फीट ऊंचे शिवलिंग का महाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की शिव लिंगाकार मां पाताल भैरवी मंदिर में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मंदिर के 108 फीट ऊंचे शिवलिंग का महाअभिषेक किया गया। इस अद्भुत अलौकिक और भव्य अभिषेक का दर्शन लाभ लेने हजारों लोग मंदिर परिसर में एकत्रित हुए।

शनिवार की रात्रि शहर में सिद्धपीठ मां पाताल भैरवी मंदिर के वृहद शिवलिंग पर क्रेन द्वारा बीस फीट ऊंचे कलश से 120 फीट ऊंचे क्रेन की सहायता से शिवलिंग का हल्दी-दुग्ध से महाअभिषेक किया गया। इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बनने हजारों श्रद्वालु मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। सावन माह में विगत तीन वर्षों से तथागत पांडे, उनकी युवा टीम और मां पाताल भैरवी मंदिर समिति के तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है। तथागत पांडे ने बताया कि इस कार्य में स्वतः जनसहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इतने ऊंचे शिवलिंग का अभिषेक करने एमएलटी क्रेन की आवश्यता थी, जो इस महाअभिषेक के लिए 120 फीट ऊंची क्रेन भिलाई से सौरभ सादमानी द्वारा सेवा भावना से प्रदान की जाती है। वहीं अभिषेक के लिए कलश सूर्यकांत चितलांगिया, सागर चितलांगिया और मनोज चितलांगिया के सहयोग से मिला।



विहंगम दृश्य को निहारते रहे लोग

ऊंचे शिवलिंग का जल, दूध, गुलाल, अबीर, चंदन, हल्दी भव्य अभिषेक किया गया। इस दौरान लेजर लाईट के जरिये आकाश में देवताओं की आकृति प्रकाशित की गई। इस विहंगम अद्भूत दृश्य को श्रद्धालु अपने कैमरे में कैद करते नजर आए।

खबर संक्षेप

अवैध रूप से शराब परिवहन करते 2 पकड़े गए



राजनांदगांव। अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 अगस्त को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटर साइकिल में अवैध रूप से शराब रखकर मुरमुंदा से कुरूभाठ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम कुरूभाठ रोड यात्री प्रतिक्षालय के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मोटर साइकिल चालक तारासिंह जांगड़े के पीछे बैठे सुखचंद जोशी के कब्जे से 30 पौवा शराब।

जिसमें 10 पौवा शोले प्लेन शराब एवं 20 पौवा सुपर 36 मसाला देशी मदिरा कीमती 2,800 रुपए तथा मोटर साइकिल जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

एग्रीटेक पोर्टल से तय होगा रकबा, 31 अक्टूबर तक डिजिटल सर्वे

नियम बदला...अब डिजिटल क्रॉप सर्वे के बिना नहीं बेच पाएंगे धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने की तैयारी कर रहे किसानों के लिए नियम पूरी तरह बदला होगा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में राज्य सरकार ने धान खरीदी को पूरी तरह डिजिटल कर दिया है। अब केवल उन्हीं किसानों का धान खरीदा जाएगा, जिनकी फसल का डिजिटल क्रॉप सर्वे पूरा होगा और जिनका रकबा केंद्र सरकार के एग्रीटेक पोर्टल पर दर्ज रहेगा, यानी इस बार धान खरीदी का आधार पटवारी का रिकॉर्ड या पुरानी प्रविष्टियां नहीं, बल्कि डिजिटल सत्यापन होगा।

पिछले साल सरकार ने एग्रीटेक और डिजिटल क्रॉप सर्वे की व्यवस्था लागू तो की थी, लेकिन कई तकनीकी दिक्कतों और किसानों की शिकायतों के कारण कुछ मामलों में छूट दी गई थी। इस बार ऐसी कोई राहत नहीं मिलेगी। डिजिटल सर्वे और एग्रीटेक में अपडेट रिकॉर्ड के बिना धान की खरीदी नहीं होगी।

किसानों पर नए नियम

सरकार ने पहली बार बटाईदार अधिया/रेघा और संस्थागत किसानों के लिए भी एग्रीटेक में पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। इन्हें एग्रीटेक के ऑथराइजेशन मॉड्यूल के माध्यम से अधिकृत किया जाएगा। खसरा सूची तैयार कर संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी है। अधिकारी मौके पर जाकर खेत का सत्यापन करेंगे और जीपीएस लोकेशन दर्ज करेंगे। इस बार धान खरीदी केंद्रों में बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था भी पहले की तरह लागू रहेगी।

डिजिटल क्रॉप सर्वे में भी तीन स्तर पर होगी मॉनिटरिंग

ये बदला इस बार

केवल डिजिटल क्रॉप सर्वे वाले रकबे का ही धान खरीदा जाएगा। धान का रकबा एग्रीटेक पोर्टल से तय होगा। किसान पंजीयन अब केवल ऑनलाइन सोसाइटी मॉड्यूल से होगा। 2025-26 के पंजीकृत किसानों को रिकॉर्ड अपडेट कराना अनिवार्य होगा। बटाईदार और संस्थागत किसानों के लिए भी एग्रीटेक पंजीयन जरूरी। धान खरीदी केंद्रों में बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था जारी रहेगी।



टीम पहुंचकर पुष्टि करेगी

धान खरीदी के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे सबसे अहम प्रक्रिया होगी। यह सर्वे 15 अगस्त से 31 अक्टूबर तक चलेगा। सर्वे में खेत की वास्तविक स्थिति, रकबा और स्थान का डिजिटल सत्यापन किया जाएगा। वन पट्टाधारी और डूबान क्षेत्र के किसानों को खसरा या कंपार्टमेंट नंबर के साथ खेत का अक्षांश और देशांतर देना होगा। जिसकी विभागीय टीम मौके पर पहुंचकर पुष्टि करेगी। पिछले वर्ष पीवी ऐप के माध्यम से दर्ज जानकारी को मान्यता दी गई थी, लेकिन इस बार वह व्यवस्था समाप्त होगी।

करना होगा एग्रीटेक में पंजीयन

जिन किसानों ने पिछले वर्ष धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं कराया था, उन्हें सबसे पहले एग्रीटेक पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। इसके बाद संबंधित समिति में भूमि, खसरा, बैंक खाता और नॉमिनी की जानकारी ऑनलाइन सोसाइटी मॉड्यूल में दर्ज करनी होगी, जिन किसानों ने नई जमीन खरीदी है या बंटवारे में भूमि मिली है, उन्हें उसका रिकॉर्ड भी अपडेट करना होगा। एग्रीटेक पोर्टल पर भूमि और धान रकबे का सत्यापन पूरा होने के बाद ही समर्थन मूल्य पर धान बेचने की अनुमति मिलेगी।

पंजीयन व संशोधन 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक

किसानों को कृषि विभाग के एकीकृत किसान पोर्टल पर अलग से पंजीयन करने की जरूरत नहीं होगी। पंजीयन और संशोधन का पूरा काम खाद्य विभाग की वेबसाइट के ऑनलाइन सोसाइटी मॉड्यूल से किया जाएगा। नए पंजीयन और संशोधन का कार्य 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक चलेगा। बता दें कि एग्रीटेक पोर्टल पर अपने रिकॉर्ड अपडेट कराना अनिवार्य रहेगा।

सावन का अंतिम सोमवार

सुबह कांवड, शाम को निकलेगी पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन माह के अंतिम सोमवार को शहर में एक बार फिर शिव भक्ति की बयार बहेगी। सोमवार को शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक का दौर चलेगा। वहीं विभिन्न धार्मिक आयोजनों के चलते शहर का माहौल भक्तिमय रहेगा। भगवान शिव के दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है।



सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर शहर में महाकाल चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी निकाली जाएगी। इस दौरान श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे और भजनों के साथ भक्ति में सराबोर रहेंगे। यात्रा को लेकर शिव भक्तों और आयोजन समितियों द्वारा तैयारियां की जा रही है। महाकाल यात्रा सावन माह के अंतिम सोमवार को दोपहर 1 बजे से सिद्धपीठ मां शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होगी, जो फौव्वारा चौक जमातपारा, महाकाल चौक, आजाद चौक, महेश पथ, लोहारपारा होते हुए मां काली शक्तिपीठ भरकापारा पहुंचेगी, जहां विश्राम होगा। इस दौरान महाकाल की भव्य झांकी एवं लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। कई स्थानों पर पालकी यात्रा की पूजा-अर्चना एवं स्वागत किया जाएगा।

मंदिरों में उमड़ेगी भक्तों की भीड़: इधर शहर के प्रमुख शिवालयों मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, सत्यनाराण मंदिर, शिव मंदिर बांसपाईपारा, मानपुरी मंदिर, भानेश्वरी मंदिर, महाकाल मंदिर सिंघोला, शिव मंदिर मोहारा, बागेश्वर धाम, मोतीनाथ मंदिर, शिव मंदिर लोहारपारा सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। मंदिरों में आकर्षक सजावट, पूजन सामग्री और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर भी व्यवस्थाएं की जा रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है।

जुटेंगे कांवड़िये

सावन के अंतिम सोमवार को कांवड़ियों में भी खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में कांवड़िये शिवनाथ नदी के मोहारा तट पर पहुंचेंगे और नदी से पवित्र जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए रवाना होंगे। इस दौरान शिवनाथ तट पर बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज रहेगी। सावन के पूरे माह शहर और अंचल में भगवान शिव की आराधना का दौर चला। पहले सोमवार से शुरू हुई धार्मिक गतिविधियां अंतिम सोमवार तक जारी रहेगी।

माय एंगल



शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बीयर की बोतल से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर प्रार्थी पर बीयर की बोतल से हमला किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 21-22 अगस्त की रात्रि में प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 अगस्त को अपना काम पूरा कर वापस घर लौटने के दौरान रात्रि 10.30 से 11 बजे के मध्य बग्गा बार के पास उसके मोहल्ले के अजय यादव एवं हेमंत यादव मिले और उसे देखकर मुझे पहचानते हो कि नहीं बोले, तब उसने हां पहचानता हूं बोला, तब दोनों ने दारू पीने के लिए 1000 रुपए मांगे, तो उसके द्वारा पैसा देने से मना करने पर गालियां देते अपने पास रखे बीयर की बोतल से सिर में मारा। पुनः मारने का प्रयास करने पर हाथ से रोकने की कोशिश किया, जो हाथ में लगा, उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग जाना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 119 (1), 3 (5) बीएनएस कायम किया गया।

दो गिरफ्तार

पुलिस ने उक्त मामले में अजय यादव एवं हेमंत यादव को पतासाजी कर थाना लाया गया। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बीयर की बोतल जब्त किया गया। पुलिस ने 22 अगस्त को आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा।

आदिवासी परिवार के लिए कानूनी लड़ाई बनी दंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम भरीटोला निवासी आदिवासी गोंड समाज के एक गरीब परिवार को कानूनी लड़ाई अब मुसीबत बन गया है। गांव के कुछ लोग उसे बेघर करना चाहते हैं, जब उसने अपने घर को बचाने उच्चतम न्यायालय हाईकोर्ट तथा जिलाधीश से गुहार लगाई तो चिड में दबंगों ने गांव से बहिष्कृत कर हुक्का-पानी बंद करने का निर्णय आदिवासी परिवार पर थोप दिया है। एक तरफ मजदूर परिवार को वर्षों से निवासरत अपने घर को बचाने न्यायालय, कलेक्टोरेट और अब दबंगों से प्रताड़ना की लड़ाई लड़ने पुलिस थाना पहुंचने का मामला सामने आया है।

मिली जानकारी के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम भरीटोला निवासी शिवदर्शन नेताम पिता गांधीराम नेताम 50 वर्ष जाति गोड़



सरकारी घास भूमि पर विगत 50 वर्षों से कच्चा मकान बनाकर परिवार सहित निवासरत हैं। गांव के कुछ ग्रामीण उसे घर से बेघर करना चाहते हैं। प्रार्थी ने अपने मकान को बचाने के लिए शासन के नियमों के अनुसार ⏭ शेष पेज 14 पर

मिली है शिकायत

शिकायत मिली है। हर पहलू की जांच की जा रही है। जांच उपरांत कठोर कार्रवाई तय की जाएगी।

- ईश्वर ध्रुव, अजाक, थाना प्रभारी

15 अगस्त को किया बहिष्कार

जब वनांचल सहित पूरा देश आजादी के महापर्व को मनाने में जुटा था, उसी दिन प्रार्थी शिवदर्शन नेताम और उसके परिवार को गांव से बहिष्कृत किया गया। प्रार्थी ने अजाक थाना में एफआईआर दर्ज कराने गांव के कुछ दबंगों द्वारा प्रताड़ना, गाली-गलौज तथा उसे गांव से बहिष्कृत कर हुक्का-पानी बंद करने की शिकायत दर्ज कराया है। जिसकी गहन जांच की जा रही है।

प्रशासन को निर्देश

जानकारी के मुताबिक वर्ष 1922 के नियमों के अनुसार विस्थापन हेतु शिवदर्शन के अर्जी पर हाईकोर्ट ने स्थानीय जिला प्रशासन को इस मामले में तत्काल उचित कदम उठाने निर्देश किया गया है। कलेक्टोरेट से मामला निर्णय हेतु अपर कलेक्टर को प्रस्तुत हुआ है। इधर सारे नियमों-कानून की धज्जियां उड़ाते पीड़ित आदिवासी परिवार को खाप पंचायत में गांव से बहिष्कृत कर काम मजदूरी से पृथक करते गांव के अन्य लोगों को उक्त परिवार से दूरी बनाने का निर्णय थोप दिया गया है।

खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने अधिकतर दौरे पर रहते हैं व्यायाम शिक्षक

वीएसके एप से मिली राहत, अब खेल शिक्षक नहीं लगाएंगे ऑनलाइन हाजिरी, दर्ज करेंगे अपना काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर के व्यायाम शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी से राहत मिल गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संदर्भ में आदेश जारी कर कहा है कि व्यायाम शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी वाले ऐप से राहत प्रदान की जाए। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखे गए खत में वीएसके ऐप के माध्यम से उपस्थिति संबंधित नियमों से व्यायाम शिक्षकों को मुक्त रखने कहा गया है। आदेश के बाद यदि किसी भी व्यायाम शिक्षक को खेलकूद संबंधित गतिविधियों के कार्य पर नियुक्त किया जाता है अथवा ड्यूटी लगाई जाती है तो संबंधित व्यायाम शिक्षक अपने नियंत्रणकर्ता अधिकारी से नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर अथवा उन्हें सूचित कर खेलकूद प्रतियोगिता अथवा गतिविधियों में सम्मिलित हो सकेंगे।

गौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शिक्षकों के लिए ऑनलाइन माध्यम से हाजिरी अनिवार्य कर दी गई है। ऐप के माध्यम से शिक्षक हाजिरी उसी स्कूल में पहुंचकर लगा सकते हैं, जहां वे पदस्थ हैं। इस नए नियम के कारण थोक में शिक्षकों को उनके मूल विभाग में भेजा गया है। ऐप संचालन में आ रही तकनीकी दिक्कतों को लेकर बड़ी संख्या में शिक्षकों ने शिकायत की थी। इसके बाद जुलाई माह का आदेश ऐप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर ना प्रदान कर सामान्य प्रक्रिया का पालन करते हुए प्रदान करने का आदेश जारी किया गया था। हालांकि यह कहा गया है कि खेल शिक्षक एप में अपने काम की पूरी जानकारी दर्ज करेंगे। यानी वे कहां पदस्थ है और किस दिन उन्होंने कहां, क्या कार्य किया है।

अलग खबर

अन्य विभागों में भी ड्यूटी

विभिन्न जिलों एवं छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ से प्राप्त पत्र का जिक्र करते हुए आदेश में कहा गया है कि, व्यायाम शिक्षकों की ड्यूटी स्कूल शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा इत्यादि विभाग के विभिन्न खेल प्रतियोगिता के संचालन के लिए लगाई जाती है। उनकी ड्यूटी विकासखंड से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक प्रदेश एवं देश के विभिन्न स्थानों पर लगाई जाती है। कई बार ऐसे अवसर भी आते हैं कि मौखिक एवं दूरभाष के माध्यम से आदेश में ही प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को लेकर दूरस्थ स्थान में जाना पड़ता है।

सैकड़ों शिक्षकों को राहत

ज्ञात हो कि जुन महीने में ही सरकार ने आदेश जारी कर सभी सरकारी स्कूल के शिक्षकों के लिए वीएसके एप में हाजिरी लगाना अनिवार्य कर दिया था। जिले में भी करीबन साढ़े पांच हजार शिक्षकों पर इस आदेश का प्रभाव पड़ा था। हालांकि जुलाई महीने के शुरुआती दिनों से ही एप में आ रही दिक्कतों की शिकायत के बाद जुलाई महीने में इससे राहत दी गई थी। लेकिन अगस्त महीने में शिक्षकों के वेतन के लिए इस एप को अनिवार्य कर दिया गया है, ऐसे में क्रिड़ा शिक्षकों को इससे राहत मिलना बड़ी राहत है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

खबर संक्षेप

जीवन आनंद आश्रम में सावन उत्सव

कलकसा। बछेराभाटा स्थित जीवन आनंद वृद्धा आश्रम में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें निवासरत महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। सावन झूले में महिलाओं ने एक दूसरे को बैठा कर झुलाया। कार्यक्रम में मंजू धनकर, दामिनी धुर्वे सोनकुंवर आदि ने अपना सहयोग दिया।



कावड़ यात्रा आज निकलेगी

मुरमुंदा। ग्राम मुरमुंदा में श्री राम भक्त युवा समिति के तत्वावधान में कल 24 अगस्त को कावड़ यात्रा निकाली जाएगी।ग्राम के 40 से 50 कांवड़िए भानपुरी नदी से जल लेकर ग्राम का भ्रमण करने के बाद शिव मंदिर में जल अर्पित करेंगे।

शिक्षक कंवर का सम्मान

मुरमुंदा। राज इंपीरियल राजनांदगांव मे विनोबा टीम एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव में प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधानपाठक धनुषराम कंवर को शिक्षा के क्षेत्र मे नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए बीईओ श्रीनिवास मिश्रा, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, रत्नेश कन्नौजे, संजीव चन्द्रवंशी, रवि चन्द्रवंशी, महेंद्र कंवर, भुनेश्वर कंवर, शिव कंवर, गजेंद्र मंडावी ने बधाई दी है।



स्कूलों में साइबर जागरूकता अभियान

खड़गांव। छत्तीसगढ़ पुलिस ने साइबर जागृति अभियान शुरू किया है जो 7 अलग-अलग चरणों में आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के प्रथम चरण में युवाओं को डिजिटल सतर्कता, बुनियादी सुरक्षा की जानकारी दी गई। इसी क्रम में स्थानीय पुलिस ने 15 से 22 अगस्त तक अभियान चलाते हुए उच्चतर माध्यमिक शाला कुम्हारी, भावसा, चवेला, कोसमी, खड़गांव, बोरिया ठेकेदारी में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध की जानकारी दी। यह अभियान थाना प्रभारी सुशील त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षु उप निरीक्षक अब्दुल रियाज़ के नेतृत्व में चलाया गया।



मंच संचालक विजय जैन का सम्मान

खड़गांव। नृत्य संघ ग्राम साल्हेटोला ने पत्रकार एवं मंच संचालक विजय जैन मित्तल का सम्मान किया। सम्मान समारोह का आयोजन गत 22 अगस्त को साल्हेटोला में किया गया था। इस दौरान कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी गई। सभी कलाकारों का सम्मान किया गया।



पूर्व मुख्यमंत्री को विधायक ने दी बधाई

छुरिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन के अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने भिलाई स्थित उनके निवास पहुंचकर उनका अभिवादन किया। विधायक साहू ने श्री बघेल के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर श्री बघेल ने विधायक साहू एवं उनके साथ पहुंचे कांग्रेसजनों का स्वागत किया।



सूने घर का चोरों ने तोड़ा ताला, जेवर-नगदी पार

ठेलकाडीह। ग्राम पदुमतरा के एक सूने घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने करीब 1.65 लाख के आभूषण और नकदी पार कर दिया। ग्राम के रोहित देवांगन परिजनों के साथ 20 अगस्त को रायपुर गए थे। अगले दिन जब परिवार वापस लौटा तो घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा हुआ था और अलमारी खुली पड़ी थी। रिपोर्ट के अनुसार चोर आलमारी में रखी सोने की पुरानी झुमका जोड़ी, सोने की टॉप जोड़ी, मंगलसूत्र और करीब 5 हजार नकद ले गए। रोहित देवांगन की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



शिक्षकों की टेट मुक्ति रैली कल

कलकसा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर जिले के सहायक शिक्षक,शिक्षक एवं व्याख्याता 25 अगस्त को टेट मुक्ति रैली निकालकर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, शिक्षा सचिव एवं डीपीआई के नाम पर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक गोपी वर्मा, सह संयोजक ईश्वर मंडावी एवं ब्लाक संयोजक दिनेश कुरेटी ने बताया कि शिक्षक पंचायत संवर्ग के भर्ती व सेवा की शर्तें नियम 17अगस्त 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किया गया है। ब्लाक संयोजक दिनेश कुरेटी, खोरबाहरा साहू, ईश्वर मंडावी, संदीप साहू, देवेन्द्र साहू, जगदीश साहू, यशवंत नेताम, गुणवंत सोनबोईर आदि ने समस्त शिक्षकों से रैली में शामिल होने की अपील की है।

शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

डोंगरगढ़। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम सेहरा पहुंचकर शासकीय भूमि का निरीक्षण किया और मौके पर पाए गए अवैध कब्जे को हटाया। ग्राम के खसरा नंबर 449 की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की गई थी। शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान अतिक्रमण की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार सोनीत मेरिया के नेतृत्व में राजस्व अमला ने निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद भूमि को पुनः शासन के अधीन कर लिया गया।

हिन्दू जागरण सेवा समिति के आयोजन में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

बारिश के बीच निकले कांवड़िये, गूंजा बोल बम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जनजागरण सेवा समिति गंडई के तत्वावधान में रविवार को आयोजित कावड़ यात्रा में शिव भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बारिश की बूंदों के बीच भी भक्तों में जमकर जोश नजर आया।

कावड़ यात्रा का शुभारंभ ग्राम खैरा से हुआ। यात्रा को आकर्षक बनाने के लिए झांकियों और डीजे की व्यवस्था की गई थी।

सुबह अचानक मौसम खराब होने और तेज बारिश होने के बाद भी कावड़ियों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और वह लगातार पैदल चलते हुए दोपहर लगभग एक बजे नगर के रेस्ट हाउस पहुंचे जहां प्रेस क्लब ने उनका स्वागत किया। प्रेस क्लब गंडई के सदस्यों ने कावड़ियों को तिलक लगाया और नारियल भेंट किया गया।

उन पर पुष्प वर्षा कर पानी पिलाया गया। इस दौरान पूरा नगर बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।



स्वागत के बाद कचरा प्रबंधन

प्रेस क्लब गंडई की ओर से आयोजित स्वागत सत्कार के बाद बिखरे हुए पानी पाउच के रैपर को त्वरित इकट्ठा किया गया और कार्यक्रम स्थल को पूर्ववत साफ किया गया। स्वागत के दौरान विनोद नामदेव, रोहित देवांगन, रत्नेश कुलदीप, हरिशंकर साहू, सुखनंदन चतुर्वेदी, राजू दामोदर वैष्णव, नरेंद्र वर्मा और संतोष यादव उपस्थित थे।



नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर की सेवा

प्रेस क्लब के अलावा नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी जगह-जगह कावड़ियों की अगवानी कर सेवा कार्य किए। नगर पंचायत के एल्डरमैन राकेश जायसवाल ने अपनी दुकान के सामने केला वितरित किया। जितू गोयल एवं उनके परिजनों शरबत और अन्य सामग्री का वितरण किया गया।

महिलाओं- बच्चों ने लिया हिस्सा

यात्रा में महिलाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई, जिससे पूरा क्षेत्र भगवा और शिवमय हो गया। कंधे पर कावर लेकर महिलाएं और बच्चे चलते रहे । डीजे पर बज रहे शिव के गानों पर सभी का पैर लगातार थिरकते रहे। जनजागरण सेवा समिति के संरक्षक खम्हन ताम्रकार ने बताया कि इस यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खैरा से घटियारी तक पूरा मार्ग शिव भक्ति के रंगों में रंगा नजर आया।

भक्ति गीतों में झूमे शिव भक्त

सड़क अतरिया। हिन्दू जनजागरण सेवा समिति एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से रविवार को नर्मदा से घटियारी शिव मंदिर तक कांवड़ यात्रा निकाला गया। बरसते पानी के बीच शिव भक्तों की टोली झूमते हुए नर्मदा से रवाना हुई। डीजे एवं वाद्य यंत्रों के साथ निकले शिव भक्तों को जगह जगह लोगों ने स्वागत किया। कहीं पुष्प वर्षा तो कहीं आरती कर कांवड़ियों का अभिनंदन किया गया। यात्रा में बेलौदी की झांकी ने भी समा बांधे रखा। कांवड़ियों ने प्राचीन नर्मदा कुंड से जल भर कर नर्मदा मैय्या की पूजा अर्चना कर अपनी यात्रा आरंभ किया। यह यात्रा 13 किलोमीटर की दूरी तय कर घटियारी शिव मंदिर पहुंची। यहां कांवड़ियों एवं शिव भक्तों ने जल अभिषेक एवं पूजा अर्चना किया।

इस धार्मिक यात्रा में खम्हन ताम्रकार, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, घम्मन साहू, जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, राकेश ताम्रकार, निजाम मंडावी, उमा चौबे, प्रकाश जंघेल, राजु जंघेल, डोमारसिंह भेड़िया, दिवाकर सोनी, रवि भवनानी, दूजेराम वर्मा, दिनेश साहू, डेरालाल मसखरे, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, अंजु जंघेल, रमेश जंघेल, पवन पटेल, महेश जैन, लोमश वैष्णव, नेहरू जंघेल, मिनेश जंघेल, धनऊ राम, ललिता मानिकपुरी, कविता, बिसम्भर पटेल, जीतम धनकर, केशलाल, लीलाराम जंघेल, रामकली मरकाम, जैनेन्द्र जंघेल, प्रकाश जंघेल आदि शामिल हुए।



यात्रा में उमड़ी भीड़

नर्मदा से शिव मंदिर घटियारी तक निकली कांवड़ यात्रा ऐतिहासिक भीड़ देखने मिली। बारिश के बाद भगवा वस्त्रधारी शिव भक्त कांवड़ लेकर आगे बढ़ते रहें। सैकड़ों युवक युवतियों एवं बच्चों ने शामिल होकर शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट किया। मुख्य मार्ग में करीब आधा किलोमीटर तक शिव भक्तों की कतार लगी रही।

शहर की सड़कें बदहाल, गड्ढों से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर की प्रमुख सड़कों की हालत इन दिनों बेहद खराब है। मुख्य चौक-चौराहों को जोड़ने वाली सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गड्ढो में डाली गई गिट्टी-मिट्टी आवागमन को बाधित कर रहे हैं। मरम्मत के नाम पर मलबा और गिट्टी डाला जा रहा है, जो और भी खतरनाक साबित हो रहा है।

शहर की नरेंद्र सा मिल से रेलवे स्टेशन और स्टेशन से राका जाने वाले मार्ग पर करीब दो किलोमीटर तक कई बड़े गड्ढे नजर आ रहे हैं। वाहन चालकों को इन गड्ढों से बचकर गुजरना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इसी तरह बधियाटोला से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग और कालका पारा मार्ग की स्थिति भी खराब है। इन सड़कों पर भी गड्ढे होने से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि बारिश से पहले ही सड़कों की खराब स्थिति सामने आ गई थी, किन्तु मरम्मत नहीं किया गया और अब गड्ढों में गिट्टी और मलबा डालकर खानापूर्ति किया जा रहा है। वाहनों के गुजरने पर मलबा बाहर निकल कर इधर उधर फैल रहा है।



मंदिर मार्ग भी खस्ताहाल

बधियाटोला से मंदिर पार्किंग मार्ग भी बदहाल स्थिति में है। पूर्व में लोग जैसे तैसे आवाजाही कर रहे थे किन्तु निर्माण के बाद स्थिति बेहद खराब हो गई है। सड़क बनने के बाद लोग बचकर चलने मजबूर है। सड़कों की दुर्दशा को देखते हुए पालिका में सत्तासीन भाजपा एवं विपक्षी कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठने लगे है। भाजपा के जनप्रतिनिधि राज्य में सरकार होने के बाद भी मरम्मत कराने में सफल नहीं हो रहे हैं वहीं विपक्ष आवाज बुलंद नहीं कर रहा है।

हर्षोल्लास से मनाया सावन महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

महिला मंडल राजपूत क्षत्रिय उप समिति ने केसरीनंदन में सावन महोत्सव का आयोजन किया। समिति की महिलाओं ने हरे रंग के वस्त्र एवं आभूषण धारण कर सावन की खुशियों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं भगवान शिव-पार्वती की पूजन के साथ हुआ। महिला मंडल अध्यक्ष किरणसिंह ठाकुर ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावन उत्सव भगवान शिव की आराधना के साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द एवं उल्लास बढ़ाने का अवसर है। डॉ. नीता राजपूत ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।इस दौरान कुर्सी दौड़, मोमबत्ती-चूड़ी एवं कप गेम सहित अन्य मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

पर्ची निकालकर सावन सुंदरी का चयन किया गया। इस दौरान रश्मि राजपूत, आरतीसिंह, रियासिंह, तनुसिंह, माया चंदेल, ज्योति भारद्वाज, आभा भारद्वाज एवं डॉ. नीता राजपूत ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में श्रृंगार सामग्री प्रदान करते हुए प्रतियोगिता के में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर संजिला राजपूत, लता राजपूत, सुनीता सेंगर, अर्चना राजपूत, सविता सिंह, डिम्पलसिंह, प्रेमलता ठाकुर, पुष्पलता ठाकुर, मनीषासिंह, शीलू सिंह, नुकृतासिंह, सुषमासिंह, टीना राजपूत, सरला राजपूत, वर्षा बघेल, आरती राजपूत, मीना सेंगर, पूनम ठाकुर सहित अन्य मौजूद थी।

वाई सेप ओवरब्रिज निर्माण में लापरवाही

डोंगरगढ़। ओवर ब्रिज मार्ग से नीचे मंदिर मार्ग से जोडने के लिए लगभग तीन करोड की लागत से वाईसेप ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। भारी बरसात के बीच यह कार्य ठेकेदार एवं इंजीनियरों की देखरेख में चल रहा है। गौशाला पिंजरा पोल की जमीन पर निर्माण कार्य प्रातः 6 बजे शुरू हो जाता हैं लेकिन सेंटरिंग कार्य को जिम्मेदारों की गैर मौजूदगी में मजदुर करते नजर आते है। इस संबंध में सेतु निगम के एसडीओ सिध्दकी ने बताया कि इस निर्माण को ईई साहब देख रहे हैं।



सज गई राखियों की दुकानें



डोंगरगांव। रक्षाबंधन के पर्व को लेकर नगर के पुराने बस स्टैंड में राखियों का बाजार सज गया है। त्योहार के नजदीक आने के साथ बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। शहर की आधा दर्जन से अधिक दुकानों में लोगों की मांग को देखते हुए बेहद आकर्षक और नई डिजाइन की राखियां उपलब्ध हैं, जिन्हें खरीदने के लिए बहनों की भीड़ उमड़ रही है। इस साल के बाजार में पारंपरिक राखियों के साथ युवाओं और बच्चों की पसंद का विशेष ध्यान रखा गया है। युवतियों और युवाओं के लिए बाजार में ट्रेंडी ब्रेसलेट राखियां, कस्टमाइज्ड नेम राखियां, चांदी के वर्क वाली और फैंसी थ्रेड राखियां काफी पसंद की जा रही हैं। इसके अलावा बच्चों के लिए लाइटिंग और कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। अपने भाइयों की कलाई पर सजाने के लिए बहनें नई डिजाइनों वाली राखियों की खरीदारी कर रही हैं।

प्रतिभा स्थली की छात्राओं ने सैनिकों को भेजी राखियां

डोंगरगढ़। रक्षाबंधन के पर्व पर प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ चंद्रगिरि की छात्राओं ने सीमाओं पर तैनात सैनिकों के प्रति अपना स्नेह, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राखी अभियान आयोजित किया। छात्राओं ने राखियां तैयार कर उन्हें पैक किया और शुभकामना संदेश के साथ भेजा है। इन राखियों के माध्यम से छात्राओं ने संदेश दिया रक्षा का यह पवित्र बंधन केवल एक धागा नहीं, बल्कि वीर जवानों के प्रति हमारी श्रद्धा, सम्मान और विश्वास का प्रतीक है।





खबर संक्षेप

अध्यक्ष बनने की दौड़ में आधा दर्जन शामिल

डोंगरगढ़। शहर भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर स्थानीय रेस्ट हाउस में पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। दो घंटे तक चली बैठक में नए अध्यक्ष को लेकर लंबी चर्चा की गई किन्तु अभी किसी के नाम पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। बैठक में अध्यक्ष के लिए 6 लोगों के नाम सामने आने की खबर है जिसमें 50 से 60 साल वाले का नाम ज्यादा है जबकि पार्टी गाइड लाईन के मुताबिक सौमित्र सोनी, ललित शर्मा का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। वहीं अध्यक्ष बनने की दौड़ में सत्यप्रकाष मिश्रा, राकेश अग्रवाल, डी एकेश राव, अखिलेश गढेवाल भी शामिल हैं।

प्रश्नपत्र वायरल होना बड़ी विफलता

डोंगरगढ़। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में



कीट विज्ञान की परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र के वायरल होने और फिर परीक्षा रद्द करने पर चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह केवल विश्वविद्यालय प्रशासन की चूक नहीं है, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था की निगरानी और जवाबदेही का मसला है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक होने से जिन विद्यार्थियों ने मेहनत कर परीक्षा की तैयारी की, उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए पल्लवी सम्मानित

डोंगरगढ़। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित



समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पल्लवी गौर को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पल्लवी ने एग्रीस्टैक, केंद्रीय योजनाओं एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित कार्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया था।

इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

कलकसा। कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में राष्ट्रीय



शिक्षा नीति के तहत इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि सेमेस्टर पद्धति से वर्ष में दो बार परीक्षा दिलाना होगा। उन्होंने एक, दो, तीन और चार वर्ष में मिलने वाली डिग्री और योग्यताओं के बारे में बताया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी प्रो मनोहर बोकडे ने विषय चयन प्रक्रिया एवं वैल्यू एडेड कोर्स के बारे में बताया। प्रो बीआर चन्द्रवंशी ने असाइनमेंट एवं सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की जानकारी दी। डॉ टीआर खान एवं सोनल नागवंशी ने तृतीय एवं पचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को डीएसई का चयन एवं अर्जित क्रेडिट के आधार पर अन्य सेमेस्टर में प्रवेश लेने की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, डॉ कविता यदु, सूर्यकांत वर्मा, ज्योति आदि शामिल हुए।

सत्यनारायण अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

डोंगरगढ़। सरस्वती शिक्षा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल



का 20 अगस्त को 81वर्ष की आयु में रायपुर में निधन हो गया। वह भौतिक शास्त्र के प्राध्यापक रहे। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ की स्थापना एवं विस्तार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके निधन पर सरस्वती शिशु मंदिर में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में नारायण अग्रवाल, राजेंद्र जैन, नीलम चोपड़ा, अविनाश ब्राम्हणकर, प्रकाश गिरधर, प्रभाकर गिरधर, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, केशव अग्रवाल, सुनील जैन, गोपाल खेमुका, महेन्द्र अग्रवाल, गोपाललाल अग्रवाल, सुशील जैन, शिवप्रसाद तिवारी, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद आदि उपस्थित रहे।

एडवर्ड पार्क प्रकरण में यथास्थिति बनाए रखने में नपा फेल

नगर पालिका के नोटिसों को धता बता पार्क में जारी है निर्माण

रसूखदारों का निर्माण निर्बाध रूप से जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एडवर्ड पार्क प्रकरण में यथास्थिति बनाए रखने जांच समिति के निर्देश पर जारी आदेश के परिपालन में नगर पालिका प्रथम दृष्टया रसूखदारों के सामने नतमस्तक लग रहा है। लगभग दो महीने पहले राजनांदगांव-कवर्धा रोड पर सिविल कोर्ट के सामने की जमीन खसरा नंबर 167, 169 और 170 जो कि नजूल भूखंड क्रमांक 114 व 115 है, उसकी शिकायत जांच में अवैध प्लाटिंग की पुष्टि होने के बाद सितंबर 25 में नपा को कलेक्टर से अनुमोदनार्थ कार्रवाई का आदेश जारी किया गया था, लेकिन लगभग दस महीने तक उस दिशा में किसी भी प्रकार की कार्रवाई नगर पालिका नहीं कर पाया।

कुछ दिन बाद वादस्थल को सरकारी जमीन होने की प्रमाणित शिकायत जांच के दौरान कमिश्नर के निर्देश पर एडीएम की अध्यक्षता में गठित जांच समिति ने 12 जून को नोटिस जारी कर यथास्थिति बनाए रखने का नोटिस कार्यस्थल पर चस्पा कर दिया था। उसमें विशेष रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करते समय अंकित कंडिका 15 का उल्लेख करते कहा कि अवैध प्लाटिंग का हिस्सा पाए जाने पर एनओसी तत्काल प्रभाव से निरस्त हो जाएगी।

इसके अलावा नोटिस में यह भी लिखा गया कि जांच टीम का प्रतिवेदन मिलने तक निर्माण कार्य यथास्थिति में रहे , लेकिन विडंबना देखिये कि दो महीने पहले जिस जगह पर नपा अमले ने नोटिस चस्पा किया, तब उसकी नींव का कालम खड़ा हुआ था और आज वहां डीपीसी लेबल तक काम हो गया और नपा के नोटिस को धता बताकर रसूखदारों का काम निर्बाध रूप से जारी भी है।



एनओसी की शर्तें मनवाने में नाकाम हो रही नपा

शहरी क्षेत्र में मकान-दुकान निर्माण से पहले नगर पालिका से भूस्वामी को एनओसी लेना पड़ा है। जिसमें नपा 18 कंडिकाओं में शर्त होती है। उक्त एनओसी में कंडिका आठ में भी इस बात का उल्लेख है कि एनओसी जारी होने की तिथि से प्रमाण पत्र एक साल के लिए ही मान्य होगा। समयावधि के भीतर निर्माण कार्य नहीं कराए जाने पर नवीनीकरण कराने के बाद ही काम चालू करना होगा, लेकिन एडवर्ड पार्क में जिन रसूखदारों का निर्माण कार्य जारी है, उसमें से ज्यादातर से 23/24 में एनओसी लिया है। शर्त अनुसार इस स्थिति में भी काम नहीं कराया जा सकता, लेकिन विडंबना कहे या फिर नपा के जिम्मेदारों में इच्छाशक्ति की कमी कहे, काम खुलेआम निर्बाध तरीके से जारी है और तो और इस प्रकरण में यथास्थिति बनाए रखने बकायदा नपा कर्मियों का पांच सदस्यीय दस्ता बना हुआ है। जिनका काम है एडवर्ड पार्क मामले में समिति का प्रतिवेदन नहीं मिलने तक यथास्थिति बनी रहे और किसी प्रकार का निर्माण कार्य ना हो, लेकिन दस्ते में शामिल कर्मी भी रसूखदारों के आगे बौने साबित हो रहे हैं। पता चला है कि 18 अगस्त को नपा ने दोबारा नोटिस जारी कर जिस स्थिति में भवन निर्माणाधीन है, उक्त स्थिति में बनाए रखने कहा है, लेकिन किंतु-परंतु में पेंच इस कदर फंसा है कि कोई अपने ही नियम को मनवाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा।

पारिवारिक काम से बाहर हूं

पारिवारिक काम से बाहर हूं। यथास्थिति बनाए रखने कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। अगर काम चालू है तो नियमत: बंद कराने की जिम्मेदारी उनकी है।

- **पुनीतराम वर्मा,** सीएमओ, नपा

गरीबों का मकान-दुकान हटाने आगे रहने वाले अब गायब

एडवर्ड पार्क मामले में यथास्थिति बनाए रखने जांच समिति के निर्देश बाद भी रसूखदारों के सामने पूरा नगर पालिका अमला बेबस नजर आ रहा है। रसूखदार धड़ल्ले से आदेश की अवहेलना कर काम करा रहे और कार्रवाई करने वाले जिम्मेदार औपचारिकता निभा रहे हैं। दर्जनों बार काम जारी होने की मौखिक और लिखित सूचना देने के बाद भी नपा किस वजह से कार्रवाई करने की जगह बगले झांक रहा, लोगों को समझ नहीं आ रहा है। दो महीने पहले एडवर्ड पार्क के ठीक सामने आधा दर्जन से ज्यादा छोटे-बड़े दुकानदारों को आवाजाही में समस्या होने का हवाला देते नपा प्रशासन ने ठेलो और गुमटियों को जमींदोज करते जेसीबी चला दिया था। आज ठीक उसी जगह के ठीक सामने वाली जमीन की शिकायत जांच पर समिति द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के पालन को लेकर नपा कटघरे में है। लोगों के बीच इस बात की चर्चा है कि गरीब मजदूरों की रोजी-रोटी छीनने और आशियाना जमींदोज करने वाले नपा के वो कतिपय कर्मचारी कहा हैं, जिन्हें सीएमओ ने यथास्थिति बनाए रखने देखरेख करने और कार्रवाई करने का लिखित आदेश थमाया है। नपा की कार्यशैली को लेकर सवाल उठ रहा है कि क्या नियम छोटे गरीब तबके के लोगों के लिए है। जिनके मकान दुकान को कभी अतिक्रमण तो कभी आवाजाही में दिक्कत के नाम पर बुलडोजर से ढहा दिया जाता है और जब जांच समिति ने जांच पूरी होने तक यथास्थिति बनाए रखने कहा है तो क्यों नपा जानबूझकर रसूखदार को निर्माण काम कराने दे रही है। हालांकि मामले में गठित समिति नपा सीएमओ को फटकार लगा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी सीएमओ की रसूखदार पर रहमदिली और जिम्मेदारी से कोताही किसी के पल्ले नहीं पड़ रही है।

जागृति अभियान एक दिन में 1800 को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- एसपी शर्मा के निर्देश पर केसीजी जिले में अभियान
- ऑनलाइन ठगी से बचने की अपील

साइबर अपराधों की रोकथाम और आम लोगों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा के निर्देशन में पूरे जिले में साइबर जागृति अभियान लगातार प्रभावी रूप से संचालित हो रहा है।

इसी क्रम में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस द्वारा लगभग 1800 विद्यार्थियों और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। लोगों को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया अपराध, साइबर ब्लैकमेलिंग व डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

साझा न करें पासवर्ड

पासवर्ड एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी भी व्यक्ति से साझा नही करने, अंजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक नही करने, संदिग्ध ऐप डाउनलोड करने से बचने, बैंकिंग संबंधी किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तत्काल प्रतिक्रिया नही देने, सोशल मीडिया अकाउंट की गोपनीयता बनाने और सुरक्षा सेटिंग्स का ध्यान रखने, डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों से डरकर पैसे ट्रांसफर नही करने के अलावा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर बिना घबराए नहीं तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील करते हुए अधिकारियो ने बताया कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करते हैं। ऐसे में तकनीकी जानकारी के साथ-साथ सतर्कता और जागरूकता ही सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहे और परिवार, मित्रों, सहकर्मियों व आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें ताकि सामूहिक प्रयास से साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

6 को मनेगी राजा गुरु बालकदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बाबा गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र और सतनामी समाज के महान समाज सुधारक राजा गुरु बालकदास की जयंती आगामी 6 सितंबर को शहर में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाई जाएगी।

समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा बाद रेस्ट हाऊस मे पोस्टर विमोचन किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष उमेश कोठले के नेतृत्व में संपन्न बैठक मे सतनामी समाज के पदाधिकारी, युवाओं सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विमोचन दौरान उपस्थित समाजजनों ने राजा गुरु बालकदास के जीवन, सामाजिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि राजा गुरु बालकदास ने समाज को संगठित करने, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने और समाज में समानता, एकता और स्वाभिमान का संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी जयंती समाज के लिए अपने गौरवशाली इतिहास और महापुरुषों के विचारों को स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है।



लिया संकल्प

पोस्टर विमोचन पूर्व आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा दौरान समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। आयोजकों ने कहा कि 6 सितंबर को आयोजित होने वाले जयंती समारोह में जिलेभर सहित प्रदेश के समाज के लोग शामिल होंगे। समारोह को सफल बनाने का संकल्प साथ ही समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर राजा गुरु बालकदास जी के विचारों, सामाजिक योगदान और समाज के प्रति उनके संघर्ष को स्मरण करने की अपील की गई। इस दौरान शत्रुघन धृतलहरें, गुलाब चंदेल, केडी कोसरे, केवल चंदेल, हेमेश जांगड़े, गोपी वर्मा, नेमीचंद वर्मा,

टेट मुक्ति रैली 25 को

डोंगरगढ़। सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता आगामी 25 अगस्त को जिला मुख्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकालकर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, शिक्षा सचिव और डीपीआई के नाम से कलेक्टर और डीईओ को ज्ञापन देंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक गोपी वर्मा ने समस्त शिक्षकों से रैली में शामिल होने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि शिक्षक लंबे समय से ज्ञापन सौंपकर मांगों की ओर ध्यान आकर्षित कराते रहे है इसी क्रम में टेट मुक्ति रैली का आयोजन किया जा रहा है।

बीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

- मदराकुही स्कूल में बच्चों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के धानीखूंटा प्राशा का विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नीलम सिंह राजपूत ने अकादमिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र- छात्राओं के अधिगम स्तर का अवलोकन किया। शिक्षा गुणवत्ता की जांच कर सुधार को लेकर शिक्षकों को प्रेरित करने के क्रम मे प्राशा पहुंची बीईओ ने बच्चों से प्रश्न पूछकर, श्यामपट में लेखन कार्य व पढ़वाकर उनकी बुद्धिलब्धि की जानकारी ली।

उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि निर्धारित समय में शाला में उपस्थित होए व निर्धारित समय अवधि तक शाला में रहे। प्रार्थना सभा में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, गुरूवंदना, दीपमंत्र, सरस्वती वंदना और शाम की सभा में गायत्री मंत्र राज्य गीत व शांति पाठ अवश्य कराए। शाला अनुदान मद में प्राप्त राशि से लाउड स्पीकर लगवाने, प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के स्तर अनुसार अध्ययन अध्यापन कराने कहा। वही प्राथमिक कक्षा के बच्चों को 12 खड़ी के साथ साथ 20 तक का पहाड़ा और माध्यमिक शाला के बच्चों को 25 तक पहाड़ा कंठस्थ याद कराने, प्राथमिक शाला के बच्चों को बोलकर स्पष्ट पढ़ना पढ़ाना, लिखना, मात्राओं का ज्ञान, 52 वर्णमाला लिखना पढ़ना का अधिक से अधिक अभ्यास कराने कहा इसके अलावा पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को अंग्रेजी में बोलना और पढ़ना आने स्पोकन इंग्लिश का अधिक से अधिक अभ्यास कराने का निर्देश उन्होने शाला स्टाफ को दिया।



बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

मध्यांह भोजन की गुणवत्ता की जांचने बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने एबीईओ किशोरीलाल अमेला के साथ बच्चों बीच बैठकर मंत्रोच्चार उपरांत भोजन किया। निरीक्षण दौरान बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने शिक्षक शिक्षिकाओं को वीएसके एप में प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति देने, आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश मेडिकल अवकाश, संतान पालन अवकाश ऑनलाइन आवेदन करने, हार्ड कॉपी संकुल समंवयक के माध्यम से कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया वही शाला परिसर में बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के अलावा विशेषकर बारिश के दिनों में शाला अवधि दौरान नदी नाला पारकर जाने से मना करने, जर्जर भवन में शाला नही लगाने और जिन शालाओं में चारदीवारी के चलते सुरक्षा व्यवस्था है वहाँ अधिक अधिक पौधे रोपकर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने कहा। बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने कहा कि शाला वातावरण स्वच्छ और शैक्षिक होना चाहिए इसके लिए पूरे स्टाफ को मन लगाकर काम करना चाहिए।

जागरूकता से कम होंगे साइबर अपराध

संगीत विवि में साइबर जागृति अभियान, एसपी ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजकुमारी इन्दिरा सिंह कला संगीत विवि प्रेक्षागृह में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साइबर जागृति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा, कुलसचिव अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ देवमाइत मिंज और सहायक कुलसचिव विजय सिंह ने राजकुमारी इंदिरा के तैलचित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत उपरांत साइबर जागृति अभियान के मुख्य वक्ता एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने स्टुडेंट्स को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी साझा करते हुए साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार के संदिग्ध लिंक, कॉल, संदेश अथवा ऑनलाइन गतिविधि के प्रति सावधानी बरतने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक हमारे जीवन को सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ अनेक प्रकार की साइबर चुनौतियां भी सामने ला रही है इसलिए जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।



अपराध की तत्काल दें जानकारी

साइबर सेल के कमलेश श्रीवास्तव ने साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों व उनसे बचाव के व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया, ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, ओटीपी, पासवर्ड सहित व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल संबंधित एजेंसी या पुलिस से संपर्क करने कहा। कार्यक्रम संचालक डॉ प्रबोध कुमार गुप्ता ने अभियान की रूपरेखा बताकर साइबर जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित विद्यार्थियों को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया। साइबर जागृति अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने और स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार समाज को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस दौरान एसडीओपी उषा रानी, आशीष कुंजाम, साइबर सेल प्रभारी सत्यम सिंह चौहान सहित विवि के अधिष्ठातागण, शिक्षक, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सेजेस में मनी तुलसीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उमाशा में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर छात्राओं के बीच भाषण, गीत, कविता व सामूहिक अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोस्वामी तुलसीदास के जीवन वृत्त बाद छात्राओं के समूह को चार हाउस में विभाजित कर अंताक्षरी के विषयों को बांटा गया।



प्रथम चक्र में गुरु मंत्र, द्वितीय चक्र में हिंदी महीने में गाए जाने वाले गीत, तृतीय चक्र मे देवी देवताओं के मंत्र व धार्मिक भजन और चौथे चक्र मे रामचरितमानस से संबधित चौपाईयो को शामिल किया गया। इस दौरान पर्ची में निकले विषय के आधार पर छात्राओं ने सस्वर गीत प्रस्तुत किया। प्राप्त अंक के आधार पर उन्हे पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने सभी समूहों के छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आयोजन का सबसे उद्देश्य हमारी संस्कृति को पहचानना, उसे समृद्ध और जीवंतता प्रदान करना है। आधुनिक युग में हम अपनी ग्रामीण संस्कृति को भूलते जा रहे है। गांव की लोक गीत, नृत्य, तीज त्यौहार पर किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों को भूल रहे है जिसे स्मरण रखने और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है। इस दौरान कुणाल टंडन, गिरिवर कोसरे, विनीता दीक्षित, उमा देवी त्रिपाठी, उत्तरा साहू, करन साहू, अखिलेश श्रीवास्तव, गुंजन सिंह दीक्षित, खूम वर्मा, नीलू सिंह, तृप्ति दशरिया, रिया जैन, चन्द्रशेखर रजक, सरोजबाला साहू, शोएब खान, नंदकुमार देवांगन, योगेन्द्र देवांगन सहित शाला स्टाफ उपस्थित था।



खबर संक्षेप

प्रतियोगिता में गायत्री स्कूल का शानदार प्रदर्शन

राजनांदगांव। गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई ने एक बार फिर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। अजीज पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित अंतरशालेय प्रतियोगिता में शानदार सफलता अर्जित की। इसमें संगीत में प्रथम एवं नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ही प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को विद्यालय के संगीत विभाग प्रमुख दिनेश साहू, संगीत शिक्षक शुभम शेण्डे, नृत्य शिक्षिका भारती यादव एवं खेल शिक्षक जयेश मुदलियार का विशेष मार्गदर्शन मिला। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। प्राचार्य अंकित व्यास ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सागर चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, मनोज चितलांग्या, अमित उत्तलवार, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टुटेजा ने शुभकामनाएं दी।



शिविर का वार्डवासियों ने उठाया लाभ

राजनांदगांव। महावीर वार्ड क्र. 37 में तीन वर्ष या उससे कम आयु के बच्चों का आधार कार्ड बनाने शनिवार को गंज चौक स्थित पार्षद कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्डवासियों ने उत्साह के साथ पहुंचकर अपने बच्चों के आधार कार्ड बनवाए। शिविर में कुल 14 बच्चों के आधार कार्ड बनाए गए। पार्षद जैनम बैद ने कहा कि छोटे बच्चों के आधार कार्ड बनवाने अभिभावकों को अलग-अलग स्थानों पर जाने से होने वाली परेशानी को देखते वार्ड में यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य वार्ड के अधिक से अधिक बच्चों को आधार पहचान से जोड़ना है, ताकि भविष्य में उन्हें शासकीय योजनाओं, विद्यालय में प्रवेश तथा अन्य आवश्यक कार्यों में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की आवश्यकता के अनुसार इस तरह के उपयोगी शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे। जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते वार्ड में लोगों को आवश्यक सेवाएं उनके आसपास ही उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। जैनम ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया।



जिले में अब तक 4704.9 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 4704.9 मिमी बारिश एवं औसत 195.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 724.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 716 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 839.7 मिमी, घुमका तहसील में 444 मिमी, छुरिया तहसील में 616.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 772.9 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 590.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 839.7 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह रविवार को राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 195.7 मिमी एवं औसत 28 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 52.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 6 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 39.7 मिमी, घुमका तहसील में 37 मिमी, छुरिया तहसील में 13 मिमी, कुमरदा तहसील में 18 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 29.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 52.5 मिमी दर्ज की गई है।

सुगम यातायात के लिए निगम का अमला प्रभावी रूप से जुटा

आयुक्त ने फल मार्केट का किया भ्रमण, दुकानदारों को दी समझाइश

अतिक्रमण मुक्त करने एवं सामान अंदर रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बारिश में समुचित पानी निकासी एवं बाजार क्षेत्र में यातायात का दबाव कम करने तथा सुगम आवागमन के लिए नगर निगम का अमला निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी के मद्देनजर बुधवार को नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप एवं निगम व यातायात की टीम के साथ गोल बाजार, राजगामी आफिस के पास तथा फल मार्केट का पैदल भ्रमण कर दुकानों के सामने अतिक्रमण मुक्त करने एवं सामान दुकान के अंदर रखने दुकानदारों को समझाईस दी। जिससे दुकानदारों ने रोड एवं नाली के उपर रखे सामान हटाकर दुकान के अंदर किए।



सामान दुकान के अंदर करवाया

उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गों गोल बाजार, सिनेमा लाइन, हलवाई लाइन, सदर लाइन, गुडाखू लाइन, कामठी लाइन, रामाधीन मार्ग, जूनीहटरी, फल मार्केट सहित अन्य मार्गों के दुकानदारों द्वारा सामान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है एवं पार्किंग में परेशानी होने के साथ-साथ आवगमन में असुविधा होती है। इसी प्रकार नाली के उपर अतिक्रमण करने से जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न होता है, जिसे ध्यान में रखकर आयुक्त श्री मरकाम ने यातायात प्रभारी तथा निगम व यातायात की टीम के साथ गत माह गोल बाजार, गुड़ाखू लाइन में भ्रमण कर सामान दुकान के अंदर रखने समझाईस दिए थे और आज गोल बाजार फल मार्केट के दुकानदारों को समझाईस देकर सामान दुकान के अंदर कराया।

पसरा हटवाया

आयुक्त एवं यातायात प्रभारी ने सुबह गोल बाजार, फल मार्केट में पैदल घूमकर राजगामी आफिस के चारो ओर लगे पसरा हटाने समझाईस देकर पसरा व सामान हटवाया। उन्होंने फल मार्केट में दुकान के बाहर रोड में रखे सामान दुकानदारों से अंदर रखने कहा। उन्होंने कहा कि बाहर सामान रखने से रोड में आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है तथा नाली बंद होने से बारिश का पानी निकासी में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि सामान फैलाकर रखने से आने-जाने में बाधा तथा पार्किंग नहीं होने के कारण आपके दुकान की खरीदी भी प्रभावित हो रही है। समझाईस पर दुकानदारों ने सामान हटाकर दुकान के अंदर किए। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि शहर में स्वच्छ एवं साफ वातावरण निर्मित करने तथा व्यवस्थित करने में आप लोगों का सहयोग अपेक्षित है।

कांग्रेस के संविधान विरोधी मुखौटे का करेंगे पर्दाफाश

राजनांदगांव। विपक्षी दल के नेता कांग्रेस के सुप्रीमो राहुल गांधी अक्सर रैली और बैठकों में संविधान की दुहाई देकर अपने साथ संविधान की किताब को लहराते हैं, लेकिन जब बात संविधान के पालन की आती है तो वे और पूरी कांग्रेस इससे पीछे हट जाती है। इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस ने वंदे मातरम को लेकर संसद में बने कानून से हटकर अपनी वर्किंग कमेटी के निर्णय को बड़ा मान लिया है। इस घटनाक्रम से कांग्रेस और राहुल गांधी का दोहरा चरित्र एक बार फिर उजागर हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कांग्रेस की ओर से पारित प्रस्ताव की निंदा की है और इसे संविधान का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अब अपने अपमान को एक प्रस्ताव की शक्ल दे दी है। उसकी कार्यसमिति ने तय किया है कि कांग्रेस के मंचों पर 'वंदे मातरम्' के केवल पहले दो छंद ही गाए जाएंगे। जबकि संसद में पारित हुए कानून के मुताबिक वंदे मातरम के पूरे छह छंद गाना अनिवार्य कर दिया गया है।



आचरण उजागर हुआ

श्री राजपूत ने कहा की स्वतंत्रता दिवस के दिन वंदे मातरम का यही अपमान एक व्यक्ति के आचरण में उजागर हुआ था, तब कांग्रेस ने उसे संयोग बताकर टाल दिया था। आज वही अपमान कांग्रेस की नीति बन चुका है। उन्होंने कहा कि "भारत माता की इस पावन वंदना का अपमान उन हजारों बलिदानियों का तिरस्कार है, जिन्होंने इसी गीत को अपनी चेतना में रखकर राष्ट्र के लिए बलिदान दिया था। यह केवल एक राजनीतिक बचाव नहीं, बल्कि उस वोट बैंक की भूख का प्रमाण है। जिसके आगे कांग्रेस ने हर बार राष्ट्र के स्वाभिमान को गिरवी रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने साबित कर दिया है कि वो खुद को देश और संविधान से ऊपर मानती है।

ऑक्शन में 3 लाख के बने खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले सहित देश-प्रदेश को अपनी खेल प्रतिभा से गौरवान्वित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र धुर्वे ने अपनी उपलब्धि में एक और गौरव हासिल कर लिया है। उन्होंने 18 वर्ष आयु में वॉलीबॉल प्राइम खिलाड़ी बनकर प्रदेश में नया इतिहास रचा है। बीते दिनों वॉलीबॉल प्राइम के लिए गोवा में आयोजित ऑक्शन के दौरान महेंद्र धुर्वे पर तीन लाख की बोली लगी और वो कालीकट हीरोज में शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र धुर्वे ने अपनी खेल कौशल के बल पर यह आयाम हासिल किया है। वॉलीबॉल प्राइम में खेलने वाले वह राजनांदगांव जिले के पहले खिलाड़ी होंगे। वहीं 18 वर्ष आयु में प्रदेश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस प्राइम वॉलीबॉल के मैच नवंबर माह में आयोजित होंगे।

उत्कृष्ट खेल प्रतिभा से मिला अवसर

देशभर में वॉलीबॉल खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल के आधार पर इनका चयन वॉलीबॉल प्राइम के लिए किया गया। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन, उनके खेल कौशल को दृष्टिगत रखते चुनिंदा खिलाड़ियों को ऑप्शन में शामिल होने का अवसर मिला। यहां से महेंद्र धुर्वे ने प्राइम वॉलीबॉल में शामिल होकर जिले सहित प्रदेश को गौरान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिजनों सहित प्रशिक्षक, इष्ट मित्रों और वॉलीबॉल खेल से जुड़े लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

छोटी उम्र में मिली बड़ी उपलब्धियां

महेंद्र धुर्वे ने छोटी उम्र में ही अपने खेल कला के बल पर बड़ी उपलब्धियां हासिल करनी शुरू कर दी। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में ही भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। वह वॉलीबॉल खेल में प्रदेश के पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने वॉलीबॉल में वर्ल्ड चैम्पियनशिप में अपने राज्य के साथ-साथ देश का प्रतिनिधित्व किया।महेंद्र धुर्वे वर्तमान में अंडर-18 एशियाई गेम के प्रशिक्षण शिविर में चयनित हुए है, जो ईरान के बहरीन शहर में आयोजित हुआ।

3 को बाइक रैली व 4 को शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जन्माष्टमी पर्व के लिए यादव समाज के युवाओं की विशेष तैयारी चल रही है। इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज दो दिवसीय आयोजन करने जा रहा है। 3 सितंबर को बाइक रैली तथा 4 सितंबर को भव्य और विशाल शोभायात्रा निकली जाएगी। जिसमें यादव समाज के पदाधिकारी, युवा, महिलाएं एवं स्वजातीयजन शामिल होंगे। यादव समाज के संरक्षक महापौर मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। जिसमें समाज के युवाओं और महिलाओं को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। 3 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे स्टेट हाईस्कूल से बाइक रैली निकली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस स्टेट स्कूल पहुंचेगी। 4 सितंबर को दोपहर 1 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते गुरुद्वारा चौक पहुंचेगी, जहां शोभायात्रा का समापन होगा।

समाज के युवाओं ने इस बार रिभय यादव के नेतृत्व में जन्माष्टमी उत्सव को भव्य बनाने विशेष तैयारी की है। 3 सितंबर को आयोजित बाइक रैली को सफल बनाने के साथ मानव मंदिर चौक की विशेष सजावट की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। आयोजन को सफल बनाने रिभय यादव, सतीश यादव, करण यादव, मयंक यादव, अपूर्व यादव, अभिषेक यादव, विनीत यादव, कमल यादव, आर्या यादव, सूरज यादव, विरेंद्र यादव, सावन यादव, लोकेश यादव, आयुष यादव, प्रवीण यादव, गोपी यादव, धर्म यादव, अभ्यास यादव, चेतन यादव आदि जुटे हुए हैं।



महिलाएं भी लेंगी हिस्सा

यादव समाज द्वारा आयोजित बाइक रैली एवं शोभायात्रा को लेकर उत्साह है। पार्षद खेमिन राजेश यादव और मनोनीत पार्षद मंजू यादव के मार्गदर्शन में समाज की युवतियों और महिलाओं को बाइक रैली और शोभायात्रा में शामिल होने प्रेरित कर रही है। पूर्व पार्षद शैल यादव, मालती यादव, शोभा यादव, प्रिया यादव, मीना यादव, कुंती यादव, मधु यादव, निशा यादव आदि आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर रही है। दो दिवसीय जन्माष्टमी उत्सव को सफल बनाने यादव समाज के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, गरीबाराम यादव, हरीश यादव, दुर्गेश यादव, सुदेश यादव, महेश यादव, राधेलाल यादव, भोला यादव, विनोद यादव बंटी, रितेश यादव, सूरज यादव, मन्ना यादव, राजेश यादव, अमन यादव, हरीश यादव, दुर्गा यादव, पार्षद शेखर यादव, मनोहर यादव, इंद्रसेन यादव, शीलू यादव, राकेश यादव, प्रेमशंकर यादव आदि जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी पूनाराम यादव ने दी।

चार खिलाड़ी रायपुर खेल अकादमी के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव द्वारा संचालित केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे चार प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन रायपुर स्थित आवासीय खेल अकादमी (तीरंदाजी) के लिए हुआ है।

हाल ही में आयोजित एकेडमी चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर इन खिलाड़ियों ने राज्य की प्रतिष्ठित खेल संस्था में अपनी जगह बनाई है। चयनित खिलाड़ियों में रामपुर निवासी ओजल यादव और मिष्ठी सिन्हा तथा जंगलपुर निवासी कुमकुम साहू और नीलम सिन्हा शामिल हैं। इस उपलब्धि से क्षेत्र के खेलप्रेमियों और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जताया हर्ष

खिलाड़ियों की इस सफलता पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष चंदू साहू, प्राचार्य चीतेन्द्र वर्मा, पीटीआई शिक्षक मनीष पांडे, व्याख्याता पुनाराम यादव, सुरेंद्र साहू, सरपंच भूपेंद्र साहू, सरपंच सतीश सिंह, डोंगरगांव जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, जॉनी वॉकर सहित ग्रामवासियों और खेल संघ के सदस्यों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।



3 वर्षों से जारी है निःशुल्क प्रशिक्षण

शा.उ.मा. शाला जंगलपुर के खेल मैदान में पिछले 3 वर्षों से यह निःशुल्क प्रशिक्षण अभियान अनवरत जारी है। एनआईएस कोच राहुल साहू, कुशल रजक और कोच भोपेन्द्र सिन्हा खिलाड़ियों को तीरंदाजी की आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ अनुशासन, खेल भावना और सकारात्मक जीवन शैली का पाठ पढ़ा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सामाजिक बुराइयों और नशे से दूर रखकर क्षेत्र में एक मजबूत खेल संस्कृति का निर्माण करना है।

आईबी ग्रुप ने बढ़ाया मदद का हाथ

ग्रामीण क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को बेहतर संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आईबी ग्रुप ने तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र को आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। इस वित्तीय सहायता से खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सामग्री, उन्नत प्रशिक्षण और आगामी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में बड़ी मदद मिलेगी। आईबी ग्रुप ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को सही मंच और संसाधन प्रदान करना समाज के प्रति एक सकारात्मक पहल है। वहीं तीरंदाजी प्रशिक्षकों ने आईबी ग्रुप का आभार जताते कहा कि इस सहयोग से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और वे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे।

एनबीआईएस बोरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने लिटिल जीनियस अकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित झूम तराना महोत्सव में भाग लेकर समूह गीत में द्वितीय एवं एकल गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 11 से 14 अगस्त तक आयोजित की गई थी।

शाला के संगीत शिक्षक हेमंत हिरवानी, हेमंत साहू, श्रिया मार्जिवे व क्रिति बख्शी के मार्गदर्शन में छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते यह स्थान प्राप्त किया है। शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व कार्यालय कर्मचारियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।



दी शुभकामनाएं

राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में शाला के बच्चों ने सामूहिक एवं एकल गीत विद्या में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा प्रतिभागी बच्चों के साथ ही मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को बधाई देते आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में सामूहिक गायन में शाला के दिव्यांशा अग्रवाल, अद्विका गौर, द्रुलिशा परमार, रिद्धि जैन, समृद्धि जैन, मनन पंजवानी, हर्षित साहू, कौस्तुभ क्षीरसागर व सोम निषाद ने हिस्सा लिया। इसी तरह एकल गीत में शाला की कक्षा बारहवीं की छात्रा दिव्यांशा अग्रवाल ने सीनियर सोलो सेमी-क्लासिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

निधन

इशिका अग्रवाल

राजनांदगांव। भारत माता चौक निवासी एवं अग्रवाल ज्वेलर्स के संचालक विवेक अग्रवाल (भोला) की सुपुत्री इशिका अग्रवाल (25 वर्ष) का रविवार तड़के 2 बजे निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं परिचितों में शोक की लहर व्याप्त है। इशिका अग्रवाल के निधन से अग्रवाल समाज में गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है। उनकी अंतिम यात्रा रविवार दोपहर 12 बजे निज निवास भारत माता चौक राजनांदगांव से प्रारंभ होकर लखोली मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिवारजनों, समाजजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।



प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा प्लेटफॉर्म

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग को लेकर तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित होने जा रही छत्तीसगढ़ हॉकी लीग को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ हॉकी के पदाधिकारियों ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार हॉकी लीग का आयोजन किया जाना हॉकी खेल और खिलाड़ियों के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। इस लीग के माध्यम से प्रदेश के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ एक बड़ा और बेहतर प्लेटफॉर्म प्राप्त होगा। इससे खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव मिलने के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के नए अवसर भी मिलेंगे।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के लिए प्रदेश के खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को लीग से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आयोजन से प्रदेश में हॉकी के प्रति युवाओं का आकर्षण बढ़ेगा तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में छिपी नई हॉकी प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायण धकेता, भूषण साव, नीलमचंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, अमिताभ मानिकपुरी, राकेश टोप्पो, रश्मि संध्या एक्का, धनीराम यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं हॉकी से जुड़े सदस्य उपस्थित थे।



नई प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन

पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की हॉकी में गौरवशाली परंपरा रही है और प्रदेश के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आयोजन प्रदेश में हॉकी के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे प्रदेश में हॉकी की नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और खेल का व्यापक स्तर पर विस्तार होगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के पदाधिकारियों ने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए प्रदेश सरकार एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि सरकार के सहयोग एवं मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ में हॉकी को नई ऊंचाइयां प्राप्त होगी तथा खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं एवं अवसर उपलब्ध होंगे।

केसीजी जिले के ग्रामीण इलाकों के लिए 50.70 लाख रुपए की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नवगठित जिले के गांवों की सूरत बदलने और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के अथक प्रयासों से जिले के ग्रामीण अंचलों के लिए मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत 50 लाख 70 हजार रुपए की नई विकास योजनाओं को हरी झंडी मिली है।

इस राशि से छुईखदान और खैरागढ़ जनपद क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सामुदायिक भवनों एवं सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों को आवागमन और सामाजिक आयोजनों में बड़ी सुविधा मिलेगी।

छुईखदान एवं खैरागढ़ में बिछेगा सड़कों का जाल

स्वीकृत राशि के तहत छुईखदान ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोकना, दनिया और भोरमपुर में क्रमशः 6.50-6.50 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवनों का निर्माण होगा। इसके साथ ही जगमड़वा आश्रित ग्राम रैमड़वा में 5.20 लाख, बरबसपुर आश्रित ग्राम नेवासपुर में 2.60 लाख, लक्ष्मणपुर में 2.60 लाख, उदान आश्रित ग्राम तेंदूभाठा में 2.60 लाख तथा उरतुली आश्रित ग्राम भेंडरा में 2.60 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। वहीं खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत अतरिया के वार्ड क्रमांक 11 में भी 5.20 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है।



मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का जताया आभार

स्वीकृति मिलने पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले के विकास कार्यों के लिए बजट और संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। श्री सिंह ने इस बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका तामकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

सार समाचार

संस्कार सिटी स्कूल बना ओवरऑल चैम्पियन

राजनांदगांव। वाणिज्य विषय में गहन ज्ञान, सृजनात्मक सोच और आत्मविश्वास से परिपूर्ण प्रस्तुति देते संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल ठाकुरटोला राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम एक बार फिर गौरवान्वित किया है। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में आयोजित अंतर-विद्यालय वाणिज्य प्रतियोगिता "स्पेक्ट्रा-2026" में विद्यालय की टीम ने ओवरऑल चैम्पियनशिप का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।



प्रतियोगिता में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता, त्वरित निर्णय क्षमता और सामूहिक तालमेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय की सफलता के पीछे विद्यार्थियों मुकुल भोई, दीपक क्षत्रिय, मयंक मंडावी, अंकित भारती, अनन्या दांडेकर एवं शिवाग्या मिश्रा की अथक मेहनत, अनुशासन और शानदार टीम वर्क का विशेष योगदान रहा। विद्यालय की प्राचार्य रेखा तिवारी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि यह जीत विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और विद्यालय द्वारा दिए गए निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन अतुल देशलहरा, आदित्य अग्रवाल एवं वूहा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय स्वशासी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता की अध्यक्षता एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि प्रकृति हम सबकी मां है और हमें इसकी रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।



विभागअध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर ने कहा कि अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा न सिर्फ वृक्षारोपण किया जाएगा, बल्कि पौधों का समय-समय पर देखरेख और संरक्षण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. डीके वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण एवं दैनिक जीवन में आयुर्वेद के फायदे विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रकृति के ऊपर कविता एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुतियां दी गई। अंग्रेजी विभाग के स्टाफ और विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के फूल, शो प्लांट एवं बेल, नीम, आम, जामुन, अमरूद और आंवला जैसे आयुर्वेदिक पौधों का रोपण किया।

दोहा वाचन प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव। स्थानीय केशर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम में 22 अगस्त को तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में दोहा वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं से आठवीं के लगभग 44 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, उप-प्राचार्य वंदना डुम्भरे, निर्णायक मंडल की वीणा स्वर्णकार, नैनी शुक्ला, विभागाध्यक्ष स्वागोता सरकार, अनिल साहू द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यकम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात गायत्री साहू एवं लावण्या साहू द्वारा मंच संचालन कर तुलसीदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। प्रतियोगिता में तुलसीदास के प्रसिद्ध दोहों का सस्वर और भावपूर्ण वाचन किया गया। प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन बच्चों को हमारी संस्कृति से जोड़ना है। जिससे बच्चों में भाषा, संस्कार और बोलने की कला का विकास होता है, जो आज भी जीवन जीने की सीख देते है। इस दौरान वीणा स्वर्णकार एवं नैनी शुक्ला ने भी अपने विचार रखे।



कलेक्टोरेट में विशेष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

राजनांदगांव। जनसंपर्क विभाग द्वारा हर घर तिरंगा, वंदे मातरम एवं भारत विभाजन की विभीषिका स्मरण दिवस थीम पर कलेक्टोरेट में विशेष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय पहुंचने वाले नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। फोटो प्रदर्शनी में हर घर तिरंगा अभियान तथा वंदेमातरम के उत्साह एवं ऊर्जा को यादगार बनाए रखने सेल्फी जोन भी बनाया गया, जहां नागरिकों ने अपनी सेल्फी ली।फोटो प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने अवलोकन किया।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की आवेदन प्रक्रिया जारी

राजनांदगांव। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति अंतर्गत वर्ष 2026-27 में विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन के नवीनीकरण के लिए 20 जून 2026 से तथा नवीन आवेदन के लिए 1 अगस्त 2026 से छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, आईटीआई, पॉलटेक्निक, कृषि, उद्यानिकी, फार्मेसी सहित अन्य संस्थाओं में अध्ययनरत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाईट पर ऑनलाइन की जा रही है। इस संबंध में संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

खेल दिवस की तैयारियों को लेकर मेयर से मुलाकात

राजनांदगांव। जिला हॉकी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को महापौर मधुसूदन यादव से उनके निज निवास में भेंट कर खेल दिवस की पूर्व तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधि मंडल में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षक भूषण साव, महेश श्रीवास्तव, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रणविजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान हॉकी संघ ने महापौर को आगामी 29 अगस्त को खेल दिवस की पूर्व तैयारियों से अवगत कराते स्थानीय गौरवपथ स्थित ध्यानचंद चौक के जीर्णोद्धार की आवश्यकता से अवगत कराया। उन्होंने इस चौक में स्थित प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद, ओलंपियन एयरमैन बेस्टियन एवं जिले के ख्यातिलब्ध राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नारायण पटेल की प्रतिमा के जीर्ण-शीर्ण होने एवं इसके जिर्णोद्धार की आवश्यकता से अवगत कराया। महापौर ने अगले वर्ष के खेल दिवस के पूर्व जीर्णोद्धार अथवा नवीन प्रतिमा स्थापना के संबंध में संपूर्ण कार्रवाई संपन्न करवाने हेतु प्रतिबद्धता प्रकट की। जिला हॉकी संघ ने महापौर को हॉकी स्टेडियम में नया टर्फ लगाने के प्रस्तावित कार्य को शीघ्र प्रारंभ करवाने अनुरोध किया।



जांच के लिए खाद्य पदार्थों के नमूने किए गए संकलित

त्यौहार से पहले खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

औषधि प्रशासन द्वारा आगामी रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित बने खाबो-बने रहिबो 2.0 के तहत 17 से 23 अगस्त 2026 तक सात दिवसीय सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान अंतर्गत राजनांदगांव जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण एवं नमूना संकलन की कार्रवाई निरंतर जारी है।

अभियान के दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों का जोखिम आधारित निरीक्षण किया जा रहा है और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, निर्माण एवं भंडारण की स्थिति, प्रयुक्त कच्ची सामग्री, खाद्य लाइसेंस व पंजीयन, लेबलिंग, खाद्य पदार्थों के स्रोत तथा आपूर्ति श्रृंखला की जांच की जा रही है।



खाद्य कारोबारियों से अपील

खाद्य एवं औषधि प्रशासन राजनांदगांव द्वारा जिले के समस्त खाद्य कारोबारियों से खाद्य सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने, खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय में गुणवत्तापूर्ण कच्ची सामग्री का उपयोग करने, वैध खाद्य लाइसेंसव पंजीयन रखने, निर्धारित स्वच्छता मानकों का पालन करने तथा खाद्य पदार्थों की खरीद के बिल एवं स्रोत संबंधी अभिलेख सुरक्षित रखने की अपील की गई है। खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थ की वास्तविक प्रकृति के अनुरूप ही उसका नाम, लेबल एवं प्रस्तुतीकरण किया जाए तथा उपभोक्ताओं को भ्रमित करने वाले नाम, दावे या प्रस्तुतीकरण का उपयोग नहीं किया जाए।

नांदगांव-डोंगरगांव क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा विभिन्न मिठाई दुकानों, खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। राजनांदगांव शहर में जैन स्वीट्स हलवाई लाइन तथा सिमरन ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में शिवम खजानी गोलबाजार राजनांदगांव से सोनपापड़ी, बर्फी एवं पेड़ा के नमूने जांच हेतु संकलित किए गए। राधेश्याम पीपरमेंट नंदई चौक से कलाजामुन का नमूना लिया गया। वहीं कान्हा डेयरी से दूध तथा अग्रवाल टी कंपनी से चॉकलेट का नमूना जांच हेतु संकलित किया गया। डोंगरगांव क्षेत्र में बीकानेर स्वीट्स डोंगरगांव का निरीक्षण कर सोनपपड़ी, चमचम एवं कलाकंद के नमूने संकलित किए गए। इसी प्रकार न्यू योगेश डोसा डोंगरगांव का निरीक्षण कर प्रतिष्ठान में तलने हेतु उपयोग किए जा रहे खाद्य तेल के साथ-साथ कुंदा, खोवा एवं चमचम के नमूने भी जांच के लिए संकलित किए गए। इसके अतिरिक्त ए-वन ढाबा पैरी-डोंगरगांव रोड का निरीक्षण कर उपयोग किए जा रहे पनीर का नमूना संकलित किया गया। अभियान के दौरान सबरस रेस्टोरेंट एवं नीलम की रसोई बसंतपुर का भी निरीक्षण किया गया तथा खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया।

जिले में अब तक 4503.3 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 4503.3 मिमी बारिश एवं औसत 643.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 672.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 710 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 798.8 मिमी, घुमका तहसील में 402.5 मिमी, छुरिया तहसील में 603.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 754.9 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 561.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 798.8 मिमी दर्ज की गई है।

जिले के सभी 7 तहसीलों में 83.8 मिमी एवं औसत 12 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 26.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 2.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 41.5 मिमी, घुमका तहसील में 10 मिमी, छुरिया तहसील में 1 मिमी, कुमरदा तहसील में 0 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 2.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 41.5 मिमी दर्ज की गई है।

जो समाज अपनी प्रतिभाओं का सम्मान करता है, वह समाज उन्नति करता है : मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नागबेल बरई तम्बोली समाज द्वारा नागपंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के अनुरूप नागदेवता का जोड़े में अभिषेक एवं पूजन किया गया। इस आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव भी समाज के विशेष आग्रह पर उपस्थित रहे और नागपंचमी की पूजा में शामिल हुए। यह आयोजन सदर बाजार स्थित लक्ष्मी मंदिर भवन में संपन्न हुआ। जिसमें शहर के अलावा अन्य जिलों से पहुंचे नागबेल बरई समाज के सामाजिक सदस्यगण उपस्थित रहे।

आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष योगेश महोबिया, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू महोबिया, पदाधिकारीगण गंगाप्रसाद महोबिया, सचिन महोबिया, रानी महोबिया, यश महोबिया, राकेश पंसारी, रमेश महोबिया एवं अन्य उपस्थित रहे। सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। समाज द्वारा नागपंचमी महोत्सव पर पूजन, प्रसादी वितरण, सामाजिक भोज के साथ ही साथ देशभक्ति की थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, प्रतिभा सम्मान एवं वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था।

महापौर मधुसूदन द्वारा बच्चों एवं बुजुर्गों को अपने करकमलों से सम्मानित किया गया। समाज द्वारा महापौर को सामाजिक भवन की आवश्यकता से अवगत कराया गया, जिस पर महापौर ने सामाजिक भवन हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के माध्यम से शीघ्र ही सामाजिक भवन उपलब्ध करवाने के संबंध में हरसंभव सहयोग प्रदान करने आश्वस्त किया। महापौर ने समाज को नागपंचमी पर्व की शुभकामनाएं देते कहा कि जो समाज अपनी प्रतिभाओं का सम्मान करता है, वह समाज उन्नति करता है। ऐसे समाज के बच्चे सामाजिक शिष्टाचार सीखकर अपने समाज के गौरव एवं वंश परंपराओं को जीवित रखते हैं।



सीबीएसई के विद्यार्थी खेल स्पर्धाओं से वंचितः विपिन

- विद्यार्थियों को समान अवसर दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ के सीबीएसई विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित किए जाने का मामला गंभीर चिंता का विषय है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने पहल करते विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह को पत्र सौंपकर समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है।

जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने जारी बयान में बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने पत्र के माध्यम से बताया है कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की सीबीएसई के लिए पृथक इकाई को मान्यता दिए जाने के आधार पर सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर रखा जा रहा है। इसका प्रभाव प्रदेश के लगभग 600 से अधिक सीबीएसई विद्यालयों में अध्ययनरत हजारों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। इसी विषय को लेकर जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने महापौर मधुसूदन यादव से सर्किट हाउस में भेंट कर उन्हें भी पूरे मामले से अवगत कराया और इस दिशा में सकारात्मक पहल कर शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक प्रयास करने का आग्रह किया। जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि केवल शिक्षा बोर्ड अलग होने के आधार पर किसी विद्यार्थी को खेल प्रतियोगिता के अवसर से वंचित करना उचित नहीं है। खेल प्रतिभा बोर्ड की मोहताज नहीं होती। सीबीएसई विद्यालयों में पढ़ने वाले अनेक विद्यार्थी विभिन्न स्तरों पर अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का चयन प्रस्तावित होने के कारण समय रहते निर्णय लिया जाना आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष से संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने तथा सीबीएसई विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं में समान अवसर उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।

श्रमिक पंजीयन के लिए किए जा रहे आवेदन

राजनांदगांव। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एसओपी अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मोबाइल कैम्प के माध्यम से श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा पात्र आवेदक को योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में मोबाइल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शुक्रवार को राजनांदगांव शहर के वार्ड क्रमांक 8 रामनगर वार्ड, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बछेराभाठा एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत पैरीटोला में मोबाइल कैम्प का आयोजन किया गया।मोबाइल कैम्प के माध्यम से छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत श्रमिकों का पंजीयन एवं पंजीकृत श्रमिकों के नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया। साथ ही श्रमिक को योजनाओं से लाभान्वित करने एवं संशोधन हेतु आवेदन किया गया। ई-श्रम साथी एप में रजिस्ट्रेशन करने के साथ ही पंजीकृत हितग्राहियों का ई-केवाइसी भी किया गया। सहायक श्रमायुक्त ने श्रमिकों से जिले में आयोजित मोबाइल कैम्पों में शामिल होकर नवीन श्रमिक पंजीयन एवं श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण कराने आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है। मोबाइल कैम्पों में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

बसंतपुर में मनी शनिदेव जयंती

राजनांदगांव। बसंतपुर स्थित क्लब चौक हनुमान मंदिर के समीप इस वर्ष भी शनिदेव समिति बसंतपुर के तत्वावधान में भगवान शनिदेव जयंती एवं हरेली पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शनिदेव की महापूजा एवं आरती से हुआ। शाम को महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं प्रख्यात सलोनी वाले गजेंद्र महाराज एवं उनकी रामायण मंडली द्वारा भव्य रामायण प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान पिंटू जोशी एवं शैलेन्द्र सिंह भी शामिल हुए। श्री शर्मा ने भगवान शनिदेव की आरती कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद समिति सदस्यों ने उनका पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उन्होंने रामायण मंडली के गजेन्द्र महाराज एवं सदस्यों का सम्मान भी किया।

नीलू शर्मा ने हरेली पर्व एवं शनिदेव जयंती की शुभकामनाएं देते कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने के साथ हमारी परंपराओं एवं संस्कृति को आगे बढ़ाते हैं। आयोजन को सफल बनाने में शनिदेव समिति के संरक्षक एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री सुनील सेन, अध्यक्ष सुनील वैष्णव, सचिव विनोद यादव, सह-सचिव पप्पू निषाद, मंत्री ज्ञान ठाकुर, पुनाराम एवं मनसुख सोनकर, बलिराम, अशोक यादव, कुमार निर्मलकर, कुलदीप यादव सहित समस्त समिति सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन शुभम यादव ने किया। अंत में समिति ने वार्डवासियों के सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।



नाबालिगों को वाहन न चलाने की समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति नाबालिग वाहन चालकों एवं स्कूली विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा नाबालिग वाहन चालकों को वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी गई।

उन्हें बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण किए बिना एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस के अभाव में वाहन चलाना स्वयं के साथ-साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए भी गंभीर जोखिम उत्पन्न कर सकता है। नाबालिग अवस्था में वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है तथा दुर्घटना होने की स्थिति में गंभीर दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।



बिना लाईसेंस वाहन न चलाने दें

यातायात पुलिस द्वारा सभी पालकों से विशेष अपील की गई है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को दोपहिया अथवा अन्य वाहन चलाने के लिए न दें। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते उन्हें निर्धारित आयु पूर्ण होने एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात ही वाहन चलाने दें।

नियमों का करें पालन

स्कूली विद्यार्थियों के बीच यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के संबंध में जानकारी दी गई।

बच्चों को किया जागरूक

विद्यार्थियों को समझाइश दी गई कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने माता-पिता, परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। साथ ही नाबालिग अवस्था में वाहन चलाने से होने वाले संभावित सड़क हादसों एवं उनके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

गणेश प्रतिमा स्थल का आयुक्त ने किया निरीक्षण

निगम आयुक्त ने मूर्तिकारों से कहाः गणेश की प्रतिमा में न करें प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी गणेश पर्व के लिए निगम सीमा क्षेत्र में बनने वाले गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने निरीक्षण कर प्रतिमा देख मूर्तिकारों से प्रतिमा निर्माण में मिट्टी का उपयोग करने तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग नहीं करने समझाईस दी और गणेश प्रतिमा निर्माण के संबंध में जानकारी ली।

आयुक्त श्री मरकाम ने गणेश प्रतिमा निर्माण स्थलों में जाकर मूर्तिकारों द्वारा बनाए जा रहे गणेश प्रतिमा का निरीक्षण कर मूर्तिकारों से गणेश निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन निर्देशानुसार प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योकि प्लास्टर ऑफ पेरिस पानी में घुलता नहीं है और उससे नदी एवं तालाब का पानी प्रदूषित होता है, जिसे ध्यान में रखते मिट्टी से ही गणेश प्रतिमा का निर्माण करना है। मूर्तिकारों ने जानकारी दी कि मूर्ति निर्माण के लिए प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग नहीं करते, बल्कि काली मिट्टी अथवा कछारी मिट्टी का उपयोग किया जाता है, तालाब के किनारे से मिट्टी लाकर पैरा मिलाकर मूर्ति का निर्माण करते हैं। आयुक्त ने कहा कि बड़ी-छोटी किसी भी प्रकार की प्रतिमा में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग न करें, उपयोग करते पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



आयुक्त ने निगम के स्वास्थ्य एवं नजूल अमला से भी कहा है कि वे सभी प्रतिमा निर्माण स्थल की सतत मानिटरिंग करे और प्लास्टर ऑफ पेरिस की गणेश प्रतिमा निर्माण या विक्रय करते पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई करे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित निगम का अमला उपस्थित था।

सौरभ बने निर्विरोध अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाल रत्न मंच सेवा समिति गणपति महा महोत्सव के लिए सौरभ खंडेलवाल निर्विरोध अध्यक्ष मनोनित किए गए है।

अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल ने कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें संरक्षक विजय अग्रवाल, रमेश जैन, सुनील अग्रवाल, बृजकिशोर सुरजन, विमल शर्मा, हरीश अग्रवाल, अजय सिंगी, गेंदमल ओसवाल, राजकुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, घनश्याम भूतड़ा, विजय खंडेलवाल, जगदीश प्रसाद सोनी, राकेश वैष्णव, विशेष आमंत्रित सदस्य भावेश अग्रवाल, निकुंज सिंघल, अर्पण खंडेलवाल, यश नाहटा, आयोजन संयोजक राहुल अग्रवाल, चैतन्य अग्रवाल को बनाया है। कोषाध्यक्ष की भूमिका संदेश जैन, सचिव का दायित्व अभिनव अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, रवि शर्मा, दिनेश अग्रवाल, करण अग्रवाल, सह-सचिव अरविंद गुप्ता, निलेश शर्मा, शैलेष शर्मा, महामंत्री मयंक कृष्णा शर्मा, रितेश यादव, कैलाश गुप्ता, मंडप व्यवस्था प्रमुख रोहित शर्मा, तनवीर सिंग, पूजा पाठ व्यवस्था प्रमुख प्रभारी महेश शर्मा, लोकेश अग्रवाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम सेवा प्रभारी प्रशांत कुशवाहा, श्रेयांश, भंडारा महाप्रसाद प्रमुख सेवक, पीयूष शर्मा, सतपाल वाधवानी, राजा गुप्ता, सवी अग्रवाल, आयुष शर्मा, प्रचार-प्रसार प्रमुख मनीष यादव व हर्ष अग्रवाल को बनाया गया है। उपरोक्त जानकारी सचिव अभिनव अग्रवाल ने दी।

सार समाचार

पंचों ने की विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात

सोमनी। ग्राम पंचायत सोमनी की सरपंच नीलिमा साहू के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव 16-0 से पारित होने के बाद उपसरपंच विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में सभी पंचों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम एवं पंचायत की वर्तमान परिस्थितियों से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने डॉ. रमन सिंह का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी पंचों को शुभकामनाएं देते कहा कि आगे ग्राम पंचायत सोमनी के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते आपसी समन्वय, एकजुटता और सकारात्मक सोच के साथ विकास की ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करें, ताकि ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सके और सोमनी पंचायत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।



निगम परिसर में पौधरोपण

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति द्वारा श्रावणी पर्व पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. चेतन साहू द्वारा द्वारा समिति की संरक्षक शारदा तिवारी, साधना तिवारी, आत्माराम कोशा, अखिलेश्वर मिश्रा, गिरीश ठक्कर, राकेश इंदु भूषण ठाकुर आदि की उपस्थिति में निगम परिसर में पौधे का रोपण किया। मुख्य अतिथि डॉ. साहू ने श्रावणी पर्व हरेली और नीम पत्ती का महत्व बताया। अध्यक्षता अधिवक्ता शारदा तिवारी ने की। इस दौरान राकेश इंदु भूषण ठाकुर, मानसिंह मौलिक, पप्पू पौर्वात्य कलिहारी, पवन यादव, आत्माराम कोशा, अखिलेश मिश्रा, करिश्मा श्रीवास्तव, रौशन साहू, चुरामन चैतन्य, आनंद राम सार्वा ने अपने-अपने विचार रखे। काव्य गोष्ठी का संचालन पवन यादव ने किया। आभार ज्ञापन पप्पू पौर्वात्य कलिहारी द्वारा की गई। उक्ताशय की जानकारी मानसिंह मौलिक ने दी।



महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

राजनांदगांव। आरके नगर पाताल भैरवी मंदिर के आसपास की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। सावन की हरियाली, उमंग और भारतीय संस्कृति की छंटा से सजे इस आयोजन में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर उत्सव की रंगत को और निखार दिया। कार्यक्रम के दौरान गीत-संगीत, मनोरंजक खेलों एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सावन की थीम पर आधारित आयोजन में पारंपरिक परिधान और उत्सवी माहौल ने भारतीय संस्कृति एवं लोक परंपराओं की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ हंसी-खुशी के पल साझा करते आयोजन का आनंद लिया। सावन महोत्सव में शांभवी शर्मा आईच, शालिनी दुबे, माधुरी द्विवेदी, सुशील मिश्रा, रश्मि अग्निहोत्री, प्रीति अग्निहोत्री, सुनीता जैन, कल्पना, प्रीति राजपूत, सुजाता कुर्रे एवं त्रिशा द्विवेदी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।



युवाओं को नशे से बचाने में मीडिया अपनी पहुंच का प्रभावी उपयोग करे

आपूर्ति पर नियंत्रण के साथ नशीले पदार्थों की मांग घटाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ में नशे की समस्या से निपटने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ जनजागरूकता को भी समान महत्व देना जरूरी है। खासकर युवाओं को नशे से दूर रखने परिवार, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और मीडिया की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। यह बात नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधीक्षक अनिल कुमार ने कही। वे पत्र सूचना कार्यालय रायपुर की ओर से नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान के तहत राजनांदगांव में आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

श्री कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल तस्करी के खिलाफ कार्रवाई तक सीमित नहीं हो सकती। नशीले पदार्थों की अवैध आपूर्ति पर नियंत्रण के साथ उनकी मांग को कम करना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की नशीले पदार्थों पर नियंत्रण की रणनीति में आपूर्ति नियंत्रण और मांग में कमी दोनों पहलुओं पर काम किया जाता है। इसके लिए विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वय के साथ प्रवर्तन तथा जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

कार्यक्रम में संपादक सुशील कोठारी, संपादक दीपक बुद्धदेव ने भी अपने विचार रखे। दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शंकर मुनि राय ने पत्रकारिता के सामाजिक दायित्व पर प्रकाश डालते अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार और सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ निर्भीकता से पत्रकारिता करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल निदेशक रवि जोशी, संपादक अशोक कुमार पांडे तथा वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम तिवारी मंच पर उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशे के खिलाफ प्रभावी लड़ाई के लिए सरकारी प्रयासों के साथ मीडिया, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और परिवारों की साझी भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम में पत्रकारों से छत्तीसगढ़ के युवाओं को नशे से बचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी पत्रकारिता को जनजागरूकता के अभियान से जोडने का आह्वान किया गया।

जनजागरूकता जरूरी

वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने में मीडिया की भूमिका निर्णायक हो सकती है। समाचार पत्र, टेलीविजन, डिजिटल माध्यम और सामाजिक मीडिया की व्यापक पहुंच का इस्तेमाल नशे के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को तथ्यपरक और सरल भाषा में लोगों तक पहुंचाने किया जाना चाहिए। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से नशे के खिलाफ सकारात्मक जनजागरूकता का वातावरण तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एनसीबी अधीक्षक ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में स्कूलों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने सरकारी प्रयासों के साथ समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

जन आंदोलन बनेः प्रियंका

कार्यक्रम में पत्रकार प्रियंका कौशल ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई को प्रभावी जनआंदोलन बनाने पत्रकारिता को सामाजिक सरोकार और जनजागरण से जोडना होगा। पत्रकार अपनी कलम और जनसंचार की ताकत के माध्यम से युवाओं तथा समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि केवल नशा छोड़ो का संदेश दोहराने से अपेक्षित बदलाव नहीं आएगा। पत्रकारिता को नशे के सामाजिक कारणों, इससे प्रभावित परिवारों और नशे से बाहर निकलने वाले लोगों की वास्तविक कहानियों को सामने लाकर समाज में व्यवहार परिवर्तन का वातावरण तैयार करना होगा।

पीड़ित परिवार को मिला आर्थिक सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना संकट की घड़ी में मत्स्य पालक परिवारों के लिए आर्थिक सहारा बन रही है। योजना के अंतर्गत मिलने वाले निःशुल्क दुर्घटना बीमा से सड़क दुर्घटना में मत्स्य पालक प्रदीप की मृत्यु के बाद उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला है।

डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पेंडरवानी निवासी मत्स्य पालक प्रदीप की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनके निधन के बाद प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत उनकी आश्रित पत्नी श्रीमती मनिका को गो-डिजिटल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से डीबीटी द्वारा 5 लाख रुपए की बीमा राशि का भुगतान किया गया। आर्थिक संकट की इस घड़ी में प्राप्त सहायता से परिवार को बड़ी राहत मिली और भविष्य के लिए सहारा मिला।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत मत्स्य पालकों का निःशुल्क दुर्घटना बीमा किया जाता है। योजना के तहत बीमित मत्स्य पालक की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को 5 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की जाती है। वहीं स्थाई अथवा आंशिक अपंगता की स्थिति में 2 लाख 50 हजार रुपए तथा अस्पताल में भर्ती होने पर 25 हजार रुपए तक की सहायता का प्रावधान है। योजना के तहत पात्र मत्स्य पालकों को राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) हैदराबाद के माध्यम से गो-डिजिटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बीमा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

25 को निकलेगी टीईटी मुक्ति रैली

मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा 25 अगस्त को प्रांतीय आंदोलन किया जाएगा। इस दिन राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में शिक्षक एकजुट होकर टीईटी मुक्ति रैली निकालेंगे और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे और केदार जैन ने सभी संवर्ग के शिक्षकों से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान करते कहा कि यह लड़ाई सभी शिक्षकों के भविष्य और अधिकारों की है। राजनांदगांव मोर्चा के विष्णु शर्मा, गोपी वर्मा, नीलेश रामटेके ने जिले के सभी शिक्षकों को ज्ञापन रैली में शामिल होने का आह्वान किया है।

मोर्चा द्वारा सौंपे जाने वाले ज्ञापन में शिक्षकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं और मांगों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। जिसमें शिक्षकों को टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता से मुक्ति दिलाते सेवा की सुरक्षा की जाए, शिक्षकों के लिए पूर्ण सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पूर्व सेवा अवधि को जोड़ते हुए पेंशन व अन्य हित लाभ दिए जाएं। साझा मंच का स्पष्ट कहना है कि वर्षों से सेवाएं देने वाले सेवारत शिक्षकों के भविष्य को केवल टीईटी की अनिवार्यता के आधार पर असुरक्षित नहीं किया जाना चाहिए। शिक्षकों को टीईटी में शामिल होने का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराया जाए। राज्य के शिक्षकों को केंद्रीय वेतनमान के समान लाभ देते वेतन विसंगति को दूर किया जाए, 13 फरवरी 2026 के भर्ती व पदोन्नति नियम में शिक्षकों के लाभ सुनिश्चित कर आवश्यक संशोधन किया जाए, शिक्षकों की सेवा व पदोन्नति हेतु ब्रिज कोर्स के जरिये बीएड कराया जाए। सभी जिलों में मोर्चा से जुड़े शिक्षकों द्वारा टीईटी रैली निकाली जाएगी। जिसके बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा।

हनफी मस्जिद गोलबाजार के मुतवल्ली के लिए दो प्रतिभागी मैदान में, 6 को चुनाव

राजनांदगांव। छग राज्य वक्फ बोर्ड के आदेशानुसार हनफी मस्जिद गोलबाजार के मुतवल्ली का चुनाव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव की अध्यक्षता में 10 जुलाई 2026 को चुनाव समिति का गठन किया गया है। तत्पश्चात एसडीएम द्वारा चुनाव संचालन हेतु तहसीलदार राजनांदगांव को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया व चुनाव कार्यक्रम जारी कर मतदाता सूची में दावा-आपत्ति व निराकरण कर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 2 अगस्त 2026 को किया गया। 13 एवं 14 अगस्त 2026 को नामांकन फार्म वितरण किया गया। जिसमे दो प्रतिभागियों द्वारा निर्धारित शुल्क अदा कर नामांकन फार्म प्राप्त कर 17 एवं 18 अगस्त 2026 को रिटर्निंग ऑफिसर को नामांकन फार्म प्रस्तुत किया गया।



मुस्लिम समाज के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा स्क्रूटनी की गई। जिसके पश्चात निर्धारित समय में किसी भी प्रतिभागी द्वारा नाम वापसी नहीं लिए जाने के फलस्वरूप 20 अगस्त को 5 बजे चुनाव चिन्ह का आबंटन प्यारेलाल नाग रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार द्वारा किया गया। उक्त प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से दो प्रतिभागी मोहम्मद जावेद अंसारी भरकापारा को पतंग छाप एवं मोहम्मद हसन कुरैशी भरकापारा को तराजू छाप आबंटित किया गया। दोनों प्रतिभागियों के मध्य 6 सितम्बर को निशात मंजिल मुस्लिम जमातखाना में सुबह 8 से दोपहर 4 बजे तक मस्जिद क्षेत्र के कुल 898 मतदाताओं द्वारा हनफी मस्जिद गोलबाजार के मुतवल्ली का चुनाव किया जाएगा।

उक्त प्रक्रिया में राकेश नागवंशी सहा. रिटर्निंग ऑफिसर तथा राजगामी सम्पदा के आबिद बेग सहायक के रूप में एवं चुनाव समिति के सदस्य सोहेल रिजवी, मो. रफी, इमरान खान, डॉ. तहजीब, मोहसिन कुरैशी, तालिब जोया, अमन बीबा, अब्दुल रहीम बंटी व प्रतिभागियों के प्रस्तावक एवं समर्थक मौजूद रहे। चुनाव समिति के सदस्य सोहेल रिजवी ने कहा कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्षता के साथ कराया जाएगा।

बाढ़ में राहत बचाव के लिए मिला गृह रक्षक सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाढ़ राहत बचाव में अपने अदम्य साहस का परिचय देने वाले नगर सेना में पदस्थ नायक उत्तम कुमार साहू को राष्ट्रपति (गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा) सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में यह सम्मान प्राप्त हुआ है। नायक उत्तम कुमार ने शिवनाथ नदी में बाढ़ राहत व आपदा प्रबंधन के दौरान अपने उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा और अदम्य साहस का परिचय देकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उनकी इस वीरता और साहस को सम्मान करते सराहनीय सेवा के लिए केंद्र सरकार द्वारा घोषित गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

शिवनाथ में बाढ़ से सुरक्षा

होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट वीरता, सराहनीय और उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह विशेष पदक प्रदान किया जाता है। होमगार्ड के नायक उत्तम कुमार द्वारा वर्ष 2013 और वर्ष 2023 में शिवनाथ नदी में आई बाढ़ के दौरान राहत बचाव कार्य किया गया। इस दौरान उन्होंने नदी के बीच तक जाकर बचाव कार्य के लिए अपने साहस और शौर्य उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उनके इस कर्तव्यनिष्ठा को पदक से सम्मानित किया गया।

फायर वाहन से पहुंचे घर

नायक उत्तम कुमार को मिले इस सम्मान पर नगर सेना में उत्साह का वातावरण है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी अरूण सिंह एवं फायर स्टेशन प्रभारी ईमाम बेग व नगर सेना अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों द्वारा उनका फूल-माला व गुलदस्ता से स्वागत किया गया। वहीं उत्तम कुमार को फायर स्टेशन से फायर वाहन द्वारा उनके गृहग्राम रवेली पहुंचाया गया, जहां उनके स्वागत के लिए जिला पंचायत सदस्य, सरपंच और समस्त ग्रामवासियों एवं उनके परिजनों द्वारा उनका सम्मान किया गया।

पृष्ठ 09 का शेष

आदिवासी परिवार के...

हाईकोर्ट तथा जिला कलेक्टर में आवेदन प्रस्तुत किया है कि विस्थापन के नियमों के अनुसार उसे उक्त मकान का पट्टा प्रदान किया जाए। जिसका संपूर्ण नियमों का उसके द्वारा पालन किया जाएगा। शिवदर्शन गोड द्वारा अजाक थाना में दिए गए शिकायत के अनुसार उसके गांव के कुछ दबंगों को जैसे ही हाईकोर्ट तथा कलेक्टोरेट में अपने मकान के लिए उसके द्वारा आवेदन देने की बात का पता चला, कुछ ग्रामीणों द्वारा आहूत की गई बैठक में गाली-गलौज करते खाप पंचायत का निर्णय सुनाते उसके और उसके परिवार का हुक्का-पानी बंद कर गांव से बहिष्कृत कर दिया गया है। बताया गया कि अंबागढ़ चौकी के मरीटोला गांव में आधा से ज्यादा लोग सरकारी भूमि घास जमीन पर कब्जा कर रखे हुए हैं। सिर्फ एक गरीब जो नियमों का पालन करते हाईकोर्ट-कलेक्टोरेट में अपने घर को बचाने न्याय मांग रहा, उसे सिर्फ खाप पंचायत में इसलिए बेघर करना चाहते हैं कि प्रार्थी गांव के दबंगों से बिना सुलह किए हाईकोर्ट तथा कलेक्टोरेट पहुंच गया।

एयर होस्टेस बनी शिवानी चुरेन्द्र

राजनांदगांव। ग्राम बड़गांव डोंगरगांव निवासी शिवानी चुरेन्द्र ने कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बीच अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति से सफलता की नई मिसाल कायम की है। रुकधन चुरेन्द्र की पुत्री शिवानी वर्तमान में नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 में एयर होस्टेस के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है। शिवानी ने अपनी प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा घुमका में प्राप्त की। इसके बाद कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई वेसलियन स्कूल राजनांदगांव से पूरी की। उन्होंने घुमका कॉलेज से बीएससी की शिक्षा प्राप्त करने के बाद भिलाई नगर में एयर होस्टेस प्रशिक्षण एवं विमानन क्षेत्र से संबंधित शिक्षा हासिल की। उन्होंने विमानन क्षेत्र में अपना करियर बनाया।



निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर

राजनांदगांव। जिला प्रशासन राजनांदगांव एवं बाल्को मेडिकल सेंटर नवा रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राजनांदगांव विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकुलदैहान में सुरक्षा चक्र के तहत निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में मुख के कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर सहित अन्य प्रकार के कैंसरों की जांच की गई। 49 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिसमें युवा, बुजुर्ग आदि वर्ग के लोग शामिल हुए। जांच के दौरान शरीर कोई असामान्य लक्षण, गांठ, असाध्य लक्षण दिखाई देने पर कैंसर जांच किया गया। शिविर में 19 मरीजों का मैमोग्राफी, 14 मरीजों का पैप स्मीयर, 3 मरीजों का रिफ्यूज फॉर मैमोग्राफी, 4 मरीजों का लो डेंसिटी ब्रेस्ट, 5 मरीजों का पहले ओर मैमोग्राफी परीक्षण, 2 मरीजों का ब्रेस्ट लंप सस्पेक्टेड किया गया।



आधी रात से दिनभर चला बधाई देने का सिलसिला

मेयर के जन्मदिन पर कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का जन्मदिन 23 अगस्त को शहर सहित जिलेभर में जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के साथ ही जिले के डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया विकासखंड में भी महापौर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले बैनर-पोस्टर से पटा नजर आया। पूर्व सांसद यादव की लोकप्रियता के चलते उनके समर्थक एवं प्रशंसकों ने 22 अगस्त की सुबह से ही मधुसूदन का जन्मोत्सव मनाने का जो उपक्रम प्रारंभ किया, वो सिलसिला 23 अगस्त की देर शाम समाचार लिखे जाने तक चलता रहा। जिसमें महापौर को बधाई देने जिले के विभिन्न 14 मंडल क्षेत्रों के अलावा दुर्ग, रायपुर, कबीरधाम, केसीजी, एमएमसी, बिलासपुर, बालोद, बेमेतरा आदि विभिन्न शहरों से आगंतुक पहुंचते रहे और महापौर के साथ जन्मदिन का उत्सव मनाते रहे। जिसके चलते संस्कारधानी में दिनभर मधु महोत्सव की धूम मची रही।

23 अगस्त की प्रातःकाल से ही शहर की जनता उनके मोतीपुर स्थित निवास पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देने पहुंचती रही। भाजपा नेता मधुसूदन ने सर्वप्रथम मोतीपुर शीतलापारा मंदिर एवं घर के पीछे स्थित शिव मंदिर में दर्शन लाभ लिया एवं परिजनों तथा वार्डवासियों के साथ अपना जन्मोत्सव मनाया। तत्पश्चात आजाद चौक मोतीपुर में वार्डवासियों की उपस्थिति में केक काटकर जन्मदिन मनाया। इसके पश्चात महापौर मधुसूदन ने बजरंगपुर नवागांव स्थित बापूटोला वार्ड नं. 01 में सपरिवार महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। पश्चात सोनारपारा दिग्विजय कॉलेज रोड स्थित माता देवाला मंदिर पहुंचकर सहपरिवार शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।



चौक चौराहो में उमड़े समर्थक

जन्मोत्सव कार्यक्रम के संयोजक सावन वर्मा ने बताया कि तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार शाम 5 बजे भदौरिया चौक, शाम 5.30 बजे क्लब चौक बसंतपुर, शाम 6 बजे नंदई चौक, शाम 6.30 बजे लखोली चौक, 7 बजे महाकाल चौक (मानव मंदिर चौक), 7.30 बजे चिखली स्थित गौठान मैदान में महापौर मधुसूदन यादव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

वृद्धाश्रम में की सेवा

महापौर ने जन्मदिन के उपलक्ष्य में अभिलाषा सामाजिक संस्थान में दिव्यांगजनों के साथ जन्मोत्सव मनाया और उसके बाद स्थानीय रायपुर नाका स्थित समता वृद्धाश्रम की तरफ प्रस्थान किया। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ जन्मदिन मनाने के बाद महापौर ने सिविल लाईन्स तुलसीपुर स्थित अपने कार्यालय में सपरिवार केक काटकर जन्मदिन मनाया।

जमकर आतिशबाजी

मोतीपुर रेजीमेंट द्वारा आयोजित एक भव्य आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव का जन्मोत्सव मनाया गया। यहां महापौर का स्वागत ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच किया गया। दोपहर 1 से शाम 4.30 बजे तक महापौर मधुसूदन जनता से आत्मीय भेंटकर जन्मदिन की शुभाकामनाएं व बधाईयां स्वीकारते रहे। योगा हॉल में छात्र युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया था।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 24 अगस्त 2026
[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]



हिंदुत्व की ध्वज वाहक, पंडरिया विधानसभा के विकास हेतु समर्पित

लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक

हमारी भावना दीदी जी को

जन्मदिन

की हार्दिक बधाई एवं

शुभकामनाएं...





संगीता अशोक साहू

सरपंच

ग्राम पंचायत टाटीकसा

जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा कबीरधाम















संकलनकर्ता: दिनेश पाण्डेय हरिभूमि संवाददाता एवं विज्ञापन समाचार, ईश्तहार के लिए सम्पर्क करें कोलेगांव 7987848805

हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 24 अगस्त 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

कीचड़ से भरे रास्ते में चलने को मजबूर ग्रामीण, बच्चे इसी रास्ते जा रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम पंचायत घुटुरकुंडी के मुख्य मार्ग से पर्णकुटी मोहल्ला तक जाने वाला रास्ता इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। ग्रामीण इसी रास्ते का उपयोग करने मजबूर है,कीचड़ भरे रास्ते से बच्चे स्कूल जाते है। जर्जर और दुर्घटना-जन्य स्थिति वाले इस रास्ते से रोजाना आने-जाने वाले ग्रामीणों के साथ बच्चों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों के द्वारा कई दफे मांग की गई है,लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है,जिसके चलते नाराजगी साफतौर पर दिख रही है।

जिम्मेदारों की नहीं टूट रही नींद,ग्रामीणों में देखी जा रही नाराजगी



मामला सिर्फ एक सड़क का नहीं, बल्कि आस्था और जनसुविधा से जुड़ा सवाल है। पर्णकुटी मोहल्ले में प्राचीन श्री राधाकृष्ण जगन्नाथ जी का भी मंदिर स्थित है, जहां हर वर्ष तीन दिवसीय मेले का आयोजन होता है। ऐसे में दूर-दराज से श्रद्धालुओं के पहुंचने वाले मार्ग की हालत देखकर सवाल उठना स्वाभाविक है। जब मंदिर तक पहुंचने वाला रास्ता ही बदहाल है, तो श्रद्धालु और ग्रामीण आखिर किस भरोसे वहां पहुंचें ।

ग्रामीणों का कहना है कि फिलहाल बड़े निर्माण की मांग नहीं की जा रही है। यदि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अथवा संबंधित विभाग मुरूम और गिट्टी डलवाकर रास्ते को चलने लायक बना दें, तो ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल सकती है। बरसात और खराब रास्ते के कारण बच्चों, बुजुर्गों और आम राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे में ग्रामीणों की मांग है कि इस मार्ग का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराया जाए।

हर साल मेला आता है, श्रद्धालु आते हैं, ग्रामीण अपनी समस्या बताते हैं, लेकिन रास्ते की तस्वीर जस की तस क्यों बनी हुई है। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी यह छोटी-सी मांग बड़े आश्वासन में नहीं, बल्कि मुरूम-गिट्टी और सड़क सुधार के वास्तविक काम में बदलेगी। पर्णकुटी मोहल्ला श्री राधा कृष्ण जगन्नाथ जी मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी, घुटुरकुंडी की ओर से संबंधित जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की गई है कि जनहित और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए इस मार्ग का जल्द से जल्द सुधार कराया जाए। ताकि आने वाले दिनों में सुविधा मिल सके,खासकर बारिश में इस रास्ते पर चलना खतरे से कम नहीं रहता है।

त्योहारों का सीजन शुरू, फिर भी पुराने ढर्रे पर मुख्य बाजार

न पार्किंग की व्यवस्था, न सड़क से बाहर सामान रखने पर रोक, गुरुनानक गेट से सराफा लाइन तक रोज जाम जैसे हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है और बाजार में खरीदारी के लिए भीड़ बढऩे लगी है, लेकिन जिला मुख्यालय का मुख्य बाजार अब भी पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। संकरी सडक़, पार्किंग की कमी और दुकानों के बाहर सडक़ तक फैला सामान बाजार की व्यवस्था को बिगाड़ रहा है। हर साल त्योहारों के दौरान यही स्थिति सामने आती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है।

मुख्य बाजार एक प्रमुख सडक़ के आसपास ही फैला हुआ है। सडक़ की चौड़ाई पहले से ही सीमित है और दोनों ओर व्यापारी सामान बाहर तक रख देते हैं। ऐसे में वाहनों और पैदल चलने वालों



के लिए सडक़ पर जगह कम पड़ जाती है। त्योहारों के दौरान खरीदारी करने वालों की संख्या बढऩे से स्थिति और गंभीर हो जाती है। पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग अपने कार और दोपहिया वाहन मुख्य मार्ग पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। मुख्य बाजार में गुरुनानक गेट से सराफा लाइन होते हुए बिलासपुर रोड चौराहे तक सबसे अधिक परेशानी होती है। यह मार्ग पहले से ही अपेक्षाकृत संकरा है। सडक़ का चौड़ीकरण तत्काल संभव नहीं है, लेकिन बेहतर यातायात प्रबंधन और दुकानदारों के सहयोग से इसे काफी हद तक व्यवस्थित किया जा सकता है। व्यापारियों को दुकान की सीमा से बाहर सामान नहीं रखने के लिए समय रहते समझाइश देने की जरूरत है।

गांधी मैदान और पुरानी मंडी का हो उपयोग: मुख्य बाजार के आसपास उपलब्ध सरकारी स्थानों का उपयोग अस्थायी या स्थायी पार्किंग के रूप में किया जा सकता है। गांधी मैदान और पुरानी मंडी जैसे स्थानों को पार्किंग के लिए विकसित करने से मुख्य मार्ग पर वाहनों का दबाव कम किया जा सकता है। खासकर त्योहारों के दौरान यहां अस्थायी पार्किंग व्यवस्था करना उपयोगी साबित हो सकता है।

त्योहार से पहले अभियान की जरूरत

नगर पालिका और यातायात विभाग को त्योहार शुरू होने से पहले संयुक्त अभियान चलाने की जरूरत है। व्यापारियों को पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि दुकान का सामान सडक़ तक न फैलाएं। साथ ही बाजार में आने वाले लोगों को भी मुख्य मार्ग तक वाहन ले जाने के बजाय निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए।

सुबह 9 से रात 9 बजे तक पेट्रोलिंग जरूरी

त्योहारों के दौरान सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक यातायात विभाग की पेट्रोलिंग गाड़ी लगातार मुख्य बाजार में घूमती रहे तो अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात की समस्या को तत्काल नियंत्रित किया जा सकता है। लोगों को भी व्यवस्था का पालन कराने के लिए मौके पर ही समझाइश दी जा सकती है। बाजार की समस्या ऐसी नहीं है जिसका समाधान संभव न हो। प्रशासन पहल करे और व्यापारी सहयोग करें तो त्योहारों में भी शहर के मुख्य बाजार को सुगम और व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

हर्षोल्लास से मनाया सावन महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

महिला मंडल राजपूत क्षत्रिय उप समिति ने केसरीनंदन में सावन महोत्सव का आयोजन किया। समिति की महिलाओं ने हरे रंग के वस्त्र एवं आभूषण धारण कर सावन की खुशियों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं भगवान शिव-पार्वती की पूजन के साथ हुआ। महिला मंडल अध्यक्ष किरणसिंह ठाकुर ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावन उत्सव भगवान शिव की आराधना के साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द एवं उल्लास बढ़ाने का अवसर है। डॉ. नीता राजपूत ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।इस दौरान कुर्सी दौड़, मोमबत्ती-चूड़ी एवं कप गेम सहित अन्य मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

पर्ची निकालकर सावन सुंदरी का चयन किया गया। इस दौरान रश्मि राजपूत, आरतीसिंह, रियासिंह, तनुसिंह, माया चंदेल, ज्योति भारद्वाज, आभा भारद्वाज एवं डॉ. नीता राजपूत ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में श्रृंगार सामग्री प्रदान करते हुए प्रतियोगिता के में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर संजिला राजपूत, लता राजपूत, सुनीता सेंगर, अर्चना राजपूत, सविता सिंह, डिम्पलसिंह, प्रेमलता ठाकुर, मीना सेंगर, पूनम ठाकुर सहित अन्य मौजूद थी।





जनसेवा ही भावना

सरल एवं सहज व्यक्तित्व,
जनसेवा और पंडरिया विधानसभा के
विकास हेतु समर्पित
लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

टीकाराम चन्द्राकर
सेवा सहकारी समिति प्रबंधक

मोहन चंद्रवंशी
प्राधिकृत अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति कुंआमालगी

विनीत : सेवा सहकारी समिति कुंआमालगी
पंजीयन क्रमांक 214, वि.खं.पण्डरिया जिला-कबीरधाम

जनसेवा ही भावना

जीवेत शरदः शतम्

पंडरिया विधानसभा की सक्रिय एवं लोकप्रिय विधायक,
जनता के हर सुख-दुःख की साथी
श्रीमती भावना बोहरा जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...

देवेन्द्र चन्द्रवंशी
भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष

श्रीमती सरिता अजय चन्द्राकर
सरपंच ग्राम पंचायत पेंड्रीकला

श्रीमती शुकुता मनोज चन्द्राकर
उपसरपंच पेंड्रीकला

विनीत : सरपंच पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत पेंड्रीकला वि.खं. पण्डरिया

जनसेवा ही भावना

जीवेत शरदः शतम्

पंडरिया विधानसभा की सक्रिय एवं लोकप्रिय विधायक,
जनता के हर सुख-दुःख की साथी
एमबुलेंस वाली दीदी
श्रीमती भावना बोहरा जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...

रामाधार शर्मा
प्राधिकृत अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति कोलेगांव

विनीत : सेवा सहकारी समिति कोलेगांव
पंजीयन क्रमांक 211, वि.खं.पण्डरिया जिला-कबीरधाम(छ.ग.)

महेन्द्र धृतलहरे
सदस्य प्र.
जिला पंचायत कवर्धा

अश्वनी यदु
सभापति प्र.
जनपद पंचायत पंडरिया

पंडरिया विधानसभा की
लोकप्रिय एवं उत्कृष्ट विधायक
श्रीमती
भावना बोहरा जी
को
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...

श्रीमती सोनम कुलेश्वर चंद्राकर
सरपंच
ग्राम पंचायत प्राण खैरा

कुलेश्वर चंद्राकर
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत प्राण खैरा

नीतू कोशले
उपसरपंच
ग्राम पंचायत प्राण खैरा

मुकेश साहू
सचिव
ग्राम पंचायत प्राण खैरा

विनीत : ग्राम पंचायत प्राणखैरा जनपद पंचायत पंडरिया, जिला कबीरधाम

संकलनकर्ता: दिनेश पाण्डेय हरिभूमि संवाददाता एवं विज्ञापन समाचार, ईश्तहार के लिए सम्पर्क करें कोलेगांव 7987848805





















संकलनकर्ता: दिनेश पाण्डेय हरिभूमि संवाददाता एवं विज्ञापन समाचार, ईश्तहार के लिए सम्पर्क करें कोलेगांव 7987848805

खबर संक्षेप

अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का समापन

कवर्धा। भगवती मानव कल्याण संगठन जिला इकाई कवर्धा के तत्वावधान में नगर के वीर सावरकर भवन में आयोजित 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ भव्यता के साथ संपन्न हुआ। 22 अगस्त सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ पाठ 23 अगस्त सुबह 11 बजे पूर्ण हुआ। इस दौरान नगरवासियों ने भी चालीसा पाठ में शामिल होकर पुण्यलाभ लिया। समापन अवसर पर माता भगवती आदिशक्ति जगतजननी जगदंबा एवं परमपूज्य गुरुवर शक्तिपुत्र महाराज की आरती की गई। इससे पहले सुबह 9 बजे शहर में नशामुक्ति सद्भावना रैली निकाली गई।

आरक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, मांग पर अड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पुलिस आरक्षक भर्ती 2023-24 में रिक्त रह गए करीब 1600 पदों को सेकंड लिस्ट के माध्यम से भरने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन जिला मुख्यालय कवर्धा में लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे सैकड़ों युवक-युवतियां गृह मंत्री विजय शर्मा के कार्यालय के सामने धरने पर बैठे हैं। शासन की ओर से अब तक ठोस पहल नहीं होने से अभ्यर्थियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

कुछ अभ्यर्थियों ने मुंडन कराकर विरोध जताया और गृह मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे पिछले तीन दिनों से तालपत्री के नीचे धरने पर बैठे हैं, लेकिन उनकी मांगों को लेकर शासन की ओर से कोई स्पष्ट पहल नहीं की गई है। प्रदर्शनकारियों ने गृह मंत्री विजय शर्मा पर गृह विभाग को ठीक से नहीं संभाल पाने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग भी उठाई। अभ्यर्थियों के मुताबिक पुलिस आरक्षक भर्ती 2023-24 में कुल 5967 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी।

प्रथम सूची में करीब 4367 पद भरे गए, जबकि लगभग 1600 पद रिक्त रह गए हैं। इन्हीं रिक्त पदों पर सेकंड लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है।

अभ्यर्थियों में गहरा रहा है असंतोष

धरने पर बैठे एक अभ्यर्थी ने कहा कि तीन दिनों से गृह मंत्री के कार्यालय के सामने बैठने के बावजूद उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। युवाओं के सब्र का बांध टूट चुका है। कई अभ्यर्थी मानसिक रूप से परेशान हैं और उन्हें अपने भविष्य की चिंता सता रही है। आंदोलन के दौरान कुछ अभ्यर्थियों की ओर से बेहद निराशाजनक बातें भी सामने आईं। इससे धरना स्थल पर तनाव और चिंता का माहौल बना हुआ है। ऐसे में प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और सरकार से तत्काल बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

अभ्यर्थियों को सता रही है बढ़ती उम्र की चिंता



अभ्यर्थियों का कहना है कि आंदोलन में शामिल कई युवाओं के पास पुलिस विभाग में नौकरी पाने के लिए केवल एक-दो साल का अवसर बचा है। ऐसे में यदि रिक्त पदों पर दूसरी सूची जारी नहीं होती है तो लंबे समय से भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के हाथ से नौकरी पाने का अवसर हमेशा के लिए निकल सकता है।

अब सरकार के फैसले पर नजर

फिलहाल सैकड़ों अभ्यर्थी गृह मंत्री विजय शर्मा के कार्यालय के सामने धरने पर डटे हैं। मुंडन से लेकर इस्तीफे की मांग तक पहुंच चुके आंदोलन से युवाओं में बढ़ता आक्रोश साफ दिखाई दे रहा है। अब अभ्यर्थियों की नजर सरकार की ओर से होने वाली पहल पर है। सवाल यह है कि क्या सरकार अभ्यर्थियों से संवाद कर करीब 1600 रिक्त पदों को लेकर कोई रास्ता निकालेगी या आंदोलन आगे और तेज होगा।

समस्या: चिल्फीघाटी होते हुए रोज गुजरते हैं 500 से ज्यादा वाहन

एनएच-30 पर 2 किमी में 50 से अधिक गड्ढे, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को जोड़ने वाले रायपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चिल्फी आरटीओ चेकपोस्ट से बस स्टैंड तक करीब 2 किलोमीटर के हिस्से में 50 से अधिक छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

इस मार्ग से प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रकों के अलावा बस, यात्री और पर्यटक वाहनों की आवाजाही होती है। सड़क की बदहाल स्थिति से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बारिश के दौरान कई गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है।

गड्ढों से बचने के लिए वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने अथवा दिशा बदलने की स्थिति बनती है, जिससे हादसे का खतरा रहता है।



भारी वाहनों का एनएच में बढ़ रहा लगातार दबाव

रायपुर-जबलपुर एनएच-30 दोनों राज्यों के बीच आवागमन का महत्वपूर्ण मार्ग है। चिल्फी घाटी से होकर गुजरने वाले इस मार्ग पर रोजाना बड़ी संख्या में भारी वाहन गुजरते हैं। लगातार यातायात के बीच सड़क पर बने गड्ढों की स्थिति और खराब होती जा रही है।

क्षेत्र में पहुंचने वाले पर्यटकों को भी हो रही समस्या

चिल्फी घाटी प्रमुख पर्यटन क्षेत्र होने के कारण यहां पर्यटकों की आवाजाही भी बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खराब सड़क से स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी परेशानी हो रही है। संबंधित विभाग को तत्काल सड़क का निरीक्षण कर गड्ढों की मरम्मत करानी चाहिए। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने करीब दो किलोमीटर के इस हिस्से में बने गड्ढों की स्थायी मरम्मत कराने तथा सड़क की गुणवत्ता की नियमित निगरानी की मांग की है।

पदोन्नति की मांग को लेकर टेट शिक्षकों का प्रदर्शन आज

डीपीआई रायपुर में जुटेंगे प्रदेश भर के टेट शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ ने स्पष्ट किया है कि सोमवार, 24 अगस्त 2026 को प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन केवल लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर में ही आयोजित किया जाएगा। जेडी दुर्ग में इस दिन कोई कार्यक्रम तय नहीं है।

संघ ने प्रदेश के समस्त टेटधारी सहायक शिक्षक एवं शिक्षक संवर्ग से अपील की है कि वे भ्रम की स्थिति में न रहें और अपरान्ह 12 बजे डीपीआई रायपुर पहुंचकर एकजुटता का परिचय दें। संघ के प्रदेश प्रवक्ता नारायण प्रसाद देवांगन ने कहा कि पदोन्नति संबंधी समस्त प्रक्रियाधीन फाइलें वर्तमान में डीपीआई स्तर पर लंबित हैं। अतः शीघ्र पदोन्नति आदेश एवं कड़े निर्देश भी यहीं से जारी होंगे।

एकता में शक्ति है के सिद्धांत के तहत सहायक शिक्षक एवं शिक्षक संवर्ग एक झंडे के नीचे डीपीआई रायपुर में एकत्र होकर अपनी मांग रखेंगे। अलग-अलग स्थानों पर जाने से आंदोलन कमजोर होगा। जिला कार्यकारी अध्यक्ष रमेश रावत ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 01 नवम्बर 2025 एवं एनसीटीई मापदंडों के परिपालन में डीपीआई द्वारा 30 अगस्त 2026 तक पदोन्नति पूर्ण करने की समय-सारिणी जारी की गई है। इसके तहत कबीरधाम जिला शिक्षा अधिकारी को संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा दो दिवस के भीतर वरिष्ठता सूची प्रस्तुत करने हेतु रिमाइंडर जारी किया गया था।

परंतु जिला कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक द्वारा आधी-अधूरी एवं भ्रमित जानकारी दिए जाने से पात्र शिक्षकों में असंतोष है। इस संबंध में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा को ज्ञापन सौंपकर दो दिवस के भीतर पूर्ण वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग की। साथ ही सहायक संचालक द्वय यूआर चंद्राकर एवं निलेश चंद्रवंशी को भी ज्ञापन की प्रति सौंपी गई। संघ की प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षक से मिडिल शिक्षक पद पर पदोन्नति, प्राथमिक एवं मिडिल प्रधान पाठक की टेट आधारित पदोन्नति, मिडिल टेट व बीएड अर्हता धारी शिक्षकों के लिए व्याख्याता पदोन्नति की नई प्रक्रिया तथा 05 सितंबर शिक्षक दिवस पर पदोन्नति की घोषणा शामिल है।

जर्जर छत से टपक रहा बारिश का पानी, टूट चुका शटर गेट

लूप की सरकारी राशन दुकान का हालबेहाल



- लूप की सरकारी राशन दुकान में मंडरा रहा है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम लूप में शासकीय उचित मूल्य की दुकान की बदहाल स्थिति सामने आई है। बारिश के मौसम में दुकान की जर्जर छत से लगातार पानी टपक रहा है, जिसके चलते दुकान के अंदर रखी राशन सामग्री भीगने की स्थिति में पहुंच गई है।

चावल, शक्कर, नमक सहित अन्य खाद्य सामग्री को बारिश के पानी से बचाना मुश्किल हो रहा है। बताया जा रहा है कि उचित मूल्य दुकान की छत पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। छत कई स्थानों से खराब होने के कारण बारिश होते ही पानी दुकान के अंदर पहुंच जाता है।

लगातार पानी टपकने से राशन सामग्री में नमी आने और उसके खराब होने की आशंका बनी हुई है। बारिश के दिनों में दुकान संचालक को राशन सामग्री को सुरक्षित रखने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, दुकान का सामने लगा शटर गेट भी टूट चुका है, जिससे दुकान की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

जर्जर छत और टूटे हुए शटर के कारण दुकान की हालत काफी खराब हो गई है। एक ओर जहां बारिश का पानी अंदर आ रहा है, वहीं दूसरी ओर दुकान में रखे सरकारी राशन की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं

दुकान संचालक मानसिंह ने बताया कि दुकान की जर्जर हालत के बारे में ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को कई बार जानकारी दी गई है। उनके द्वारा बार-बार दुकान की छत की मरम्मत कराने और टूटे हुए शटर गेट को ठीक कराने की मांग की गई, लेकिन अभी तक इस समस्या की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया है। दुकान संचालक का कहना है कि बारिश के दौरान स्थिति और भी ज्यादा खराब हो जाती है। छत से पानी सीधे दुकान के अंदर गिरता है, जिससे राशन सामग्री को सुरक्षित रखना मुश्किल हो जाता है। यदि लगातार बारिश होती रही तो बड़ी मात्रा में राशन सामग्री खराब होने की आशंका है।

सरकारी राशन के नुकसान की आशंका

शासकीय उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से गांव के पात्र हितग्राहियों को शासन की राशन व्यवस्था के तहत खाद्य सामग्री वितरित की जाती है। ऐसे में दुकान में रखे चावल, शक्कर, नमक और अन्य सामग्री का सुरक्षित रहना बेहद जरूरी है। लेकिन जर्जर छत और बारिश के पानी के कारण यहां सरकारी राशन के खराब होने की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि राशन सामग्री खराब होती है तो इसका सीधा असर जरूरतमंद हितग्राहियों पर पड़ सकता है। वहीं सरकारी सामग्री के नुकसान की स्थिति में जिम्मेदारी तय करने का सवाल भी खड़ा होगा। इसलिए ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर दुकान का निरीक्षण करें और जर्जर भवन की स्थिति का जायजा लें।

राशन दुकान मरम्मत की मांग

ग्रामीणों और दुकान संचालक ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम लूप की शासकीय उचित मूल्य दुकान की जर्जर छत की तत्काल मरम्मत कराई जाए। साथ ही सामने का टूटा हुआ शटर गेट भी ठीक कराया जाए, ताकि दुकान में रखी राशन सामग्री बारिश और अन्य नुकसान से सुरक्षित रह सके। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का मौसम जारी है और यदि जल्द ही मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो समस्या और गंभीर हो सकती है। लगातार पानी टपकने से राशन सामग्री खराब होने के साथ-साथ दुकान की जर्जर छत से किसी अप्रिय घटना की आशंका भी बनी हुई है।

सड़क दुर्घटना में फिर गई 5 से अधिक गौवंश की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासन, प्रशासन और गौ पालकों की अनदेखी के चलते जिले में निराश्रित गौवंश की अकाल मौत थमने का नाम नहीं ले रही है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार-रविवार की दरमियानी रात कवर्धा से सिमगा राष्ट्रीय राजमार्ग में रानीसागर, दुल्लापुर के पास एक बार फिर 5 से अधिक गौवंश की मौत हो गई। बताया जाता है कि इन गौवंश को किसी अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया जिससे इनकी मौत हुई है। गौरतलब है कि कबीरधाम जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार गौ माताओं की मृत्यु की घटनाएं बेहद पीड़ादायक और चिंताजनक हैं।

गौ माताओं की सुरक्षा के लिए शासन-प्रशासन को अब गंभीरता से ठोस कदम उठाने चाहिए लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं दिखाई दे रही है। माना जा रहा है कि जिले में गौवंश की अकाल मौत को रोकने के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, घायल मवेशियों के तत्काल रेस्क्यू और उपचार की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है।



जिले में निराश्रित गौवंश के लिए कोई व्यवस्था नहीं

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में फिलहाल निराश्रित गौवंश के लिए कोई सरकारी व्यवस्था नहीं हैं। ग्रामीण पंचायत और नगरीय क्षेत्रों में कुछ कांजी हाऊस जरूर हैं लेकिन बताया जाता है कि ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों के पास इन कांजी हाऊस के संचालन के लिए न तो कोई फंड है और न ही कोई कर्मचारी, ऐसे हालातों में निराश्रित गौवंश का डेरा जिले की सड़कों पर ही है जो उनके लिए मौत की वजह बन रही है।

नगर में बाबा महाकाल की भव्य पालकी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

श्रावण मास के पावन अवसर पर हर हर शंकर जय जय शंकर सेवा समिति कवर्धा द्वारा 24 अगस्त 2026 (श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार) को आयोजित होने वाली राजाधिराज भगवान भोलेनाथ जी की भव्य एवं दिव्य पालकी शोभायात्रा की तैयारियां पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ जोरों पर हैं समिति के शोभायात्रा को भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है शिवभक्ति का उत्साह पूरे नगर में देखने को मिलेगा।

आयोजन समिति के मुख्य आयोजक उमंग पाण्डेय ने बताया यह शोभायात्रा 24 अगस्त को दोपहर 3.00 बजे बुढ़ा महादेव मंदिर जानकी रमण प्रभु देवालय कवर्धा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अम्बेडकर चौक मे भस्म आरती शाही आरती कर प्रसाद वितरण कर यात्रा का समापन किया जायेगा पालकी शोभायात्रा मे नागपुर से सुप्रसिद्ध माँ काली झांकी एवं सुप्रसिद्ध 3 स्टार धुमाल नागपुर से ढोल ताशा डमरू मुख्य आकर्षण रहेंगे।

आयोजन समिति के मुख्य आयोजक सौरभ शर्मा ने बताया की इस आयोजन को और भव्य दिव्य बनाने हेतु महाआरती मे छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ज्योतिर्मठ के सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय, रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा राजनांदगाव महापौर मधुसूदन यादव एवं राजनांदगाव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण शामिल होंगे। आयोजन समिति मे प्रमुख रूप से उमंग पाण्डेय सौरभ शर्मा एवं सैकड़ो सदस्य शामिल हैं।

सप्ताहभर में 45-47 से बढ़कर 75 रुपए किलो के पार पहुंची कीमत, लोगों में असंतोष

त्यौहारी सीजन में शक्कर के दामों ने बढ़ाई कड़वाहट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

त्यौहारी सीजन के बीच शक्कर की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कवर्धा नगर के बाजार में सप्ताहभर पहले तक करीब 45 से 47 रुपए प्रति किलो बिकने वाली शक्कर अब 75 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है।

अचानक बढ़े दामों से जहां लोगों के घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ रहा है, वहीं रक्षाबंधन के त्यौहारी सीजन में मिठाई और अन्य स्वीट्स उत्पादों की कीमतों में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में शक्कर के दामों में और इजाफा हो सकता है।

ऐसे में त्यौहारी खरीदारी की तैयारी कर रहे परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। शक्कर ऐसी आवश्यक खाद्य सामग्री है, जिसका उपयोग हर वर्ग और तबके के घरों में नियमित रूप से होता है। कीमतों में अचानक हुई वृद्धि का असर सीधे आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है।।

मिठाई और स्वीट्स कारोबार पर भी असर की आशंका

रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए बाजार में मिठाई और अन्य मीठे उत्पादों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में शक्कर की कीमत बढ़ने से मिठाई बनाने की लागत बढ़ना स्वाभाविक माना जा रहा है। इसका असर आने वाले दिनों में मिठाइयों और अन्य स्वीट्स उत्पादों की कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है। इससे त्यौहार के दौरान आम लोगों को पहले की तुलना में अधिक राशि खर्च करनी पड़ सकती है।



सरकार की नीतियां जिम्मेदार?

शक्कर की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी को लेकर लोगों में केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर भी नाराजगी है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सरकार की गलत नीतियों और सरकार में बैठे कुछ मंत्रियों के निजी स्वार्थ के चलते आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। हालांकि, शक्कर की कीमतों में मौजूदा तेजी के वास्तविक कारणों को लेकर संबंधित विभाग और बाजार से आधिकारिक स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

पहले से महंगाई की मार, अब शक्कर का टेंशन

लोगों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस सिलेंडर, खाद्य तेल सहित रोजमर्रा की कई आवश्यक वस्तुओं की कीमतें पहले ही ऊंची बनी हुई हैं। ऐसे में अब शक्कर जैसी जरूरी खाद्य सामग्री के दामों में तेजी ने घरेलू बजट को और प्रभावित किया है। रक्षाबंधन जैसे प्रमुख त्यौहार के बीच शक्कर के दामों में हुई बढ़ोतरी को लेकर उपभोक्ताओं में खासा असंतोष दिखाई दे रहा है।

डबल डिवाइडर सड़क की लंबे समय से हो रही है मांग, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

जिला मुख्यालय से भोरमदेव तक सड़क चौड़ी करने की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में स्थित छत्तीसगढ़ का खजुराहो के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव शिव मंदिर जाने का मार्ग अपेक्षाकृत कम चौड़ा है। रास्ते में आधा दर्जन से ज्यादा गांव है, जहां पर कई प्रकार के अंधे मोड़ भी है, जिनमें हादसे का डर बना रहता है। लिहाजा मार्ग को जितना है, उससे डबल डिवाइडर युक्त सड़क निर्माण की आस लोगों को है, जिस पर जिम्मेदारों को जल्द कार्ययोजना बनाए जाने की जरूरत है। दरअसल भोरमदेव में साल के बारह महिनों श्रद्धालु, पर्यटकों का आना-जाना रहता है। बाकी समय तो जैसे-तैसे आवागमन हो जाता है, असली परीक्षा सावन माह, भोरमदेव महोत्सव, महाशिवरात्रि के समय होती है। जब सामान्य दिनों से चार गुना ज्यादा भीड़ भोरमदेव पहुंचती है। ऐसे समय पर यहां खड़े होने के लिए भी जगह नहीं बचती है, रास्ते में ट्रक, मिनीडोर, ट्रैक्टर, चार पहिया, दो पहियावाहनों की लंबी श्रृंखला रहती है। इसके बाद भी जगह बच जाती है, तो पैदल यात्री भी होते है।

